दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली ।। मंगलवार 18 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 249 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# पश्चिम बंगाल में भीषण ट्रेन हादसा 15 की मौत, 60 घायल

## रेल मंत्री ने किया दुर्घटनास्थल का दौरा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भीषण ट्रेन हादसा हुआ है। सोमवार (17 जून) को सुबह-सुबह उत्तर बंगाल के दार्जीलिंग जिले में यह हादसा हुआ। इसमें कम से कम 15 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जबकि 60 लोगों के घायल होने की खबर है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट करके कहा है कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। युद्ध स्तर पर राहत कार्य चल रहा है। बता दें कि असम के सिलचर से कोलकाता के सियालदह स्टेशन के बीच चलने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन ने न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से खुलने के बाद रांगापानी स्टेशन को पार किया और निजबाड़ी स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही एक मालगाड़ी ने रेड सिग्नल को इग्नोर करते हुए उसे ठोकर मार दी। इससे गार्ड बोगी समेत कई बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। रेलवे ने माना है कि एक कंटेनर ट्रेन के सिग्नल ओवरशूट करने के चलते यह हादसा हुआ है। रेलवे ने कहा है कि कंचनजंगा एक्सप्रेस की दो पार्सल बोगी के साथ गार्ड बोगी भी क्षतिग्रस्त हुई है। एनएफ रेलवे के सीपीआरओ ने अभी तक हादसे में 15 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है।

**सहायता राशि की घोषणा :** पश्चिम बंगाल में हुए रेल हादसे पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि- हादसे के पीड़ितों को दी जाने वाले अनुग्रह राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें मरने वाले के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5-2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने वालों को 50-50 हजार सहायता राशि दी जाएगी।

# रायबरेली के हुए राहुल गांधी प्रियंका गांधी लड़ेंगी उपचुनाव



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को मीडिया बातचीत में स्पष्ट किया कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। वहीं उन्होंने उनके वायनाड सीट छोड़ने की घोषणा तो की ही साथ ही यह भी कहा कि, प्रियंका गांधी वायनाड से उपचुनाव लड़ेंगी।

इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी के एक पुराने स्लोगन 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का प्रयोग करते हुए कहा कि वह वायनाड से उपचुनाव लड़ेंगी। इस तरह कांग्रेस ने एक ही दिन में दो बड़ी घोषणाएं की हैं।

एक तो राहुल गांधी का निर्णय कि वह रायबरेली से ही सांसद बने रहेंगे और दूसरा कि कांग्रेस ने वायनाड उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी भी उतार दिया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने का फैसला किया और अपने पारिवारिक गढ़ रायबरेली में रहने का फैसला किया। विशेष रूप से, राहुल गांधी ने आम चुनावों में दोनों लोकसभा सीटों - केरल में वायनाड और उत्तर प्रदेश में रायबरेली पर प्रभावशाली अंतर से जीत हासिल की।

नई दिल्ली में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की चर्चा के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस फैसले की घोषणा की गई।

# तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय वाराणसी दौरा आज

**नई दिल्ली।** तीसरी बार देश की सत्ता संभालने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी पहुंचेंगे। 18वीं लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद 18 जून से उनका दो दिवसीय वाराणसी दौरा होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भी शामिल होंगे।



प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान सम्मान निधि की लगभग 20,000 करोड़ की 17 वीं किस्त जारी करेंगे और स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को सर्टिफिकेट भी देंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है।

**काशी की जनता के प्रति आभार जताएंगे पीएम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता का धन्यवाद करने के लिए दो दिनों के दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। काशी की जनता और भाजपा कार्यकर्ता अपने सांसद का भव्य स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शाम लगभग 3.30 बजे आएंगे। वहां से मेंहदीगंज जनसभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री किसानों की जनसभा को सम्बोधित करेंगे। फिर डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। साथ ही साथ स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे।

**मां गंगा-बाबा विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नामांकन के पहले बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन करने गये थे। चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री पद की हैट्रिक लगाने के बाद एक बार फिर मंगलवार को वे बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाएंगे, साथ ही दशाश्वमेध पर मां गंगा का दर्शन-आरती में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पीएम की अगवानी करने के बाद सभी कार्यक्रम में साथ रहेंगे। प्रधानमंत्री रात्रि विश्राम बरेका में करेंगे और 19 जून की सुबह वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**पीएम के स्वागत में जुटी काशी :** प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकताओं के साथ काशी की जनता भी जुटी है। भाजपा कार्यकर्ता बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ ही मेहंदीगंज ग्राम सभा स्थल पर भव्य स्वागत करेंगे। पुलिस लाइन से लेकर दशाश्वमेध घाट व विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार तक पूरे यात्रा मार्ग में काशीवासियों संग भाजपा कार्यकर्ता ढोल, नगाड़ा, डमरू दल के साथ शंखनाद एवं गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर पीएम का जोरदार स्वागत करेंगे।

# महापौर सुनीता दयाल ने जल संकट का ठीकरा जल निगम पर फोड़ा

## जल निगम पर कई योजनाओं को हैंडओवर नहीं करने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इन दिनों गर्मी चरम पर है। गर्मी का आलम यह है कि पानी की डिमांड दोगुनी हो गई है। तो वहीं भीषण गर्मी की वजह से शहरभर में जल संकट बढ़ गया है। गर्मी में सभी की पहली प्राथमिकता पानी है लेकिन नगर निगम और अधिकारियों के तमाम दावों के बावजूद भी पानी की आपूर्ति ठीक प्रकार से नहीं हो पा रही है। इसी बीच नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि शहर में जलापूर्ति की सभी जिम्मेदारी शासन द्वारा जल निगम को दी जाती है लेकिन इतनी बड़ी जिम्मेदारी होने के बावजूद जल निगम खरा नहीं उतर पा रहा है। जानकारी दी गई है कि वार्ड-07 बिहारी पुरा, वार्ड-35 अकबरपुर बहरामपुर, वार्ड-27 सेन बिहार, वार्ड-02 राहुल विहार, के ब्लॉक विजयनगर आदि की जलापूर्ति का कार्य जल निगम नहीं देख पा रहा है। जल निगम की कई योजनाएं अभी तक हैंड ओवर भी नहीं की गई हैं। वहीं उन योजनाओं के पूरा हो जाने के बावजूद भी जनता को जलापूर्ति नहीं की जा रही है। इसी के साथ उन्होंने जानकारी दी है कि सिहानी गांव में अभी टंकी की सप्लाई समेत ऐसे बहुत से कार्य हैं, जिसमें लापरवाही जल निगम की है और झेलना नगर निगम को पड़ रहा है।





### महापौर ने शासन को लिखा पत्र बंद योजनाएं हो चालू

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि बीते दिनों उन्होंने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जिसमें जल निगम की घोर लापरवाही सामने आई थी। जिसको लेकर जल निगम के अधिकारियों से बैठक भी की गई। जिसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ पाए हैं। महापौर का कहना है कि उन्होंने जल निगम को लेकर शासन को अवगत करवाया है कि अधूरी और बंद योजनाओं को जल्द से जल्द शुरु व सुधारा जाए। शासन को लिखे पत्र में उन्होंने भीषण गर्मी का भी हवाला दिया है। वहीं उन्होंने कहा है की आधिकारिक स्तर पर जो लापरवाही की जा रही है, उसका भी जल निगम को जवाब तलब लखनऊ से लिया जाएगा।

> **बीते दिनों अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। जिसमें जल निगम की घोर लापरवाही सामने आई थीं।**
>
> **-सुनीता दयाल**

### हैंडओवर की समस्या से जनता हो रही है बेहाल

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि जल निगम द्वारा किए गए कार्यों में अत्यधिक कमियां हैं। कहीं पंप नहीं चल रहे हैं, तो उसमें झाड़ खड़े हैं। कहीं टंकी बनाई गई है और पाइपलाइन नहीं बिछाई गई लेकिन सप्लाई न होने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। पानी की पाइपलाइन में बहुत लीकेज है। कई योजना पूर्ण हो जाने के बावजूद भी हैंड ओवर तक नहीं की गई हैं। जिसकी वजह से शहरवासियों को इस भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझना पड़ रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि वैसे नगर निगम प्रयास कर रहा है लेकिन पानी की मांग अधिक है और गर्मी की वजह से जलस्तर भी नीचे गया है, जिससे जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# राजनीति के भगवा गुरुजी ने किया इस बात को इंडिकेट अब नहीं करेंगे वो किसी भी चुनाव में पार्टीसिपेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के गुरूजी यानी पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर कभी भाजपा की सियासी धुरी रहे हैं। भाजपा की भगवा राजनीति उनके इर्दगिर्द घूमती थी और गुरूजी किसे सपोर्ट करेंगे किसके साथ रहेंगे इस पर चर्चा होती थी। भाजपा में एक पूरा युग देखा है पूरा अनुभव है। चार बार सांसद रहे हैं और राजनीति के प्लेयर हैं। रमेश चंद तोमर एक ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने अपनी सियासी पारी दिग्गजों के साथ खेली है। धौलाना में विधानसभा का चुनाव लड़ा और यहां उन्हें सफलता नहीं मिली। लोकसभा चुनाव में वो वीके सिंह के साथ कमिटेड रहे और टिकट नहीं मांगा। अब कहा तो ये जाता है कि राजनीति में खिलाड़ी कभी रिटायर नहीं होते लेकिन गुरूजी ने इंडिकेट कर दिया है कि अब इलैक्शन वाला मन नहीं है। एक सामाजिक कार्यक्रम में उन्होंने बातों ही बातों में इस बात को इंडिकेट किया कि अब वो किसी भी चुनाव में पार्टीसिपेट नहीं करेंगे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अब वो राजनीति में अपने बेटे विकास तोमर बब्बल को लायेंगे। अब वो राजनीति को करेंगे लेकिन चुनाव में नहीं आयेंगे।



# सिटी में लूट तो देहात में हादसों और अग्निकांड के नाम रहा सप्ताह

**नदियापार में चोरी और ठगी बनी पुलिस के लिए चुनौती** | **आग की चपेट में आने से पांच की हुई थी मौत** | **सड़क हादसों में 10 लोगों ने सप्ताह भर में गंवाई जान**

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चुनावी सीजन पूरा होने के बाद क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ा है तो वहीं आग लगने के मामलों में भी तेजी दर्ज की गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीता सप्ताह अग्नि हादसों और सड़क हादसों के नाम रहा। तो वहीं 11 जून को नंदग्राम थानाक्षेत्र में सर्राफा कारोबारी से हुई लूट की वारदात भी सनसनीखेज वारदात में शामिल रही। इसके साथ ही मोदीनगर थानाक्षेत्र में बुजुर्ग को जिंदा जलाने की कोशिश और उसके आरोपी की भी मौत का मामला भी कम हैरान करने वाला नहीं रहा। बीते सप्ताह में पुलिस ने जहां लुटेरों का एनकाउंटर किया, तो वहीं चोरी और ठगी की घटनाओं ने भी पुलिस को परेशान किया है। इन सबके बावजूद सबसे ज्यादा हाहाकार अग्नि हादसों और सड़क की दुर्घटनाओं ने मचाने का काम किया है।

**करंट क्राइम**
**साप्ताहिक रिपोर्ट**

## अग्नि हादसों ने जमकर किया तांडव, पांच लोगों की गई जान



**करंट क्राइम :** 9 जून को जहां सर्जिकल ब्लेड बनाने वाली फैक्ट्री में लोनी थानाक्षेत्र में भीषण आग लग गई। तो वहीं 12 जून को बैहटा हाजीपुर के एक मकान में भीषण आग लगने के बाद पांच लोगों की दर्दनाक मौत हुई। इसके साथ ही लोनी में पार्किंग ठेकेदार के मकान में फोम और गद्दे में भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ। वहीं आग ने शहर से लेकर देहात और हाईराइज बिल्डिगों से लेकर वाहनों तक में नुकसान पहुंचाने का काम किया है। तो वहीं 15 जून को ट्रोनिका सिटी की कैमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी, जहां लाखों रुपए का नुकसान हुआ, तो पांच जिलों की दमकल की गाड़ियों ने लगभग 12 घंटे से अधिक आग बुझाने के काम में मशक्कत की। 45 डिग्री तापमान के बीच आग बुझाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था।

## सड़क हादसों ने भी जमकर मचाया कोहराम

करंट क्राइम : 9 जून को जहां ओवरटेक करने के चक्कर में कैंटर ने बाइक सवार मां-बेटे को मोदीनगर थानाक्षेत्र में कुचल दिया, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं 16 जून की सुबह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने कैंटर में टक्कर मार दी। कैंटर में पानीपत से मजदूर शाहजहांपुर और हरदोई जा रहे थे। बकरीद के त्यौहर की खुशियां इस हादसें में मताम में जब्दील हो गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। तो वहीं 17 जून सोमवार को गाजियाबाद के तीन अलग-अलग सड़क हादसों में भी तीन लोगों की जान गई है। बीते लगभग एक सप्ताह के दौरान अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 10 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है तो कई जोरदार हादसे भी सामने आए।



## लूट-चोरी और ठगी ने बढ़ाई पुलिस अधिकारियों की टेंशन

करंट क्राइम : चुनावी सीजन खत्म होने के बाद गर्मी तेजी से बढ़ रही है और गर्मी के सीजन में लूट, चोरी और ठगी की वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन रही हैं। 9 जून को जहां कौशांबी थाने के पीछे कॉकरी गोदाम में दो लाख रुपये की चोरी को चोरों ने अंजाम दिया है। तो वहीं थाना शालीमार गार्डन में 10 जून को रास्ता पूछने के बहाने व्यापारी की पत्नी से गहनों की ठगी हो गई। साथ ही चार्टर्ड अकाउंट के बंद फ्लैट में मूर्ति समेत घर से पांच लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। इसी के साथ सिहानी गेट थानाक्षेत्र में ठेकेदार के मकान से 23 लाख रुपए के गहने और नगदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वहीं 11 जून को नंदग्राम थानाक्षेत्र में सरार्फा कारोबारी भाइयों से गोली मारकर नगदी, जेवर लूट की वारदात को भी बदमाशों ने बेखौफ अंदाज में अंजाम दिया।



## प्रमुख वारदातें

- 09 जून ओवरटेक करने के चक्कर में कैंटर ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचला थाना मोदीनगर की घटना।
- 09 जून सर्जिकल ब्लेड बनाने वाली फैक्ट्री में आग थाना लोनी।
- 09 जून कौशांबी थाने के पीछे कॉकरी गोदाम में दो लाख रुपये का कीमती सामान चोरी।
- 10 जून रास्ता पूछने के बहाने व्यापारी की पत्नी से गहने ठगे थानाक्षेत्र शालीमार गार्डन।
- 10 जून चार्टर्ड अकाउंटेंट के बंद फ्लैट से मूर्ति समेत 5 लाख की चोरी।
- 11 जून पुलिस बूथ के पास गोली मारकर सर्राफा कारोबारी से गहने ,नकदी की लूट थाना नंदग्राम।
- 12 जून बहैटा हाजीपुर के मकान में आग लगने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत।
- 12 जून ठेकेदार के मकान से 23 लाख रुपए की चोरी थाना सिहानी गेट।
- 13 जून पार्किंग ठेकेदार के मकान में रखे गद्दे और फर्म में आग लगी लोनी की घटना।
- 13 जून मोबाइल लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार शालीमार गार्डन पुलिस ने किया खुलासा।
- 14 जून बुजुर्ग को जिंदा जलाने की कोशिश झुलसे हुए आरोपी की हुई मौत थाना मोदीनगर का मामला।
- 15 जून ट्रोनिका सिटी में भीषण आग पांच जिलों की दमकल गाड़ियों ने रात भर पाया था आग पर काबू।
- 16 जून सड़क हादसा ईस्टर्न पेरिफेरल-वे थाना मुरादनगर ट्रक और कैंटर की टक्कर में चार लोगों की मौत। घंटों लगा रहा जाम।
- 17 जून अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान गई।

# रेल दुर्घटना का कारण कुप्रबंधन और उपेक्षा : राहुल गांधी

## 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में हुए रेल हादसे के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि रेल दुर्घटना का कारण कुप्रबंधन और उपेक्षा है। उन्होंने रेल हादसे पर सवाल करने और केंद्र सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि विगत 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि सीधा-सीधा मोदी सरकार के कुप्रबंधन और उपेक्षा का नतीजा है, जिसमें आए दिन यात्रियों के जान-माल का नुकसान होता है। आज की दुर्घटना इसी वास्तविकता का एक और उदाहरण है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस भयावह नजरअंदाजी पर सवाल उठाते रहेंगे और मोदी सरकार को इन दुर्घटनाओं पर जवाबदेह बनाकर रहेंगे। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शोकाकुल परिजनों को मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र से शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार को सभी पीड़ितों या उनके परिवारों को तुरंत पूरा मुआवजा देना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करें। बता दें कि पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए ट्रेन हादसे में कई यात्रियों के घायल होने और आठ लोगों की मौत होने की सूचना सामने आई है। घटना के मुताबिक एक मालगाड़ी ने सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कंचनजंगा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा सोमवार सुबह लगभग नौ बजे हुआ। मालगाड़ी ने अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मारी।

# कर्नाटक में पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ाए जाने पर भाजपा करेगी विरोध प्रदर्शन : विजयेंद्र



**बेंगलुरू।** पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाए जाने को लेकर भाजपा ने जेडी(एस) और अन्य संगठनों के साथ मिलकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन का मन बनाया है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने इसको लेकर सरकार की कड़ी निंदा की। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले को जनविरोधी कदम बताते हुए इसकी आलोचना की। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर कर लगाने के फैसले से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा, "मैं सीएम सिद्दारमैया से पूछना चाहता हूं कि गरीबों के लिए उनकी चिंता अब कहां गई। किसान अभी भी सूखे की मार झेल रहे हैं वहीं ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी उनके साथ अन्याय होगा। इससे बस का किराया, ऑटो का किराया, दैनिक राशन और सब्जियां महंगी हो जाएंगी। यह बेहद निंदनीय है। केवल भाजपा ही नहीं, राज्य के सभी संगठन आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। जेडी(एस) के साथ सभी संगठन आंदोलन शुरू करने के लिए एकजुट होंगे।" विजयेंद्र ने कहा, "मुद्देबिहल से कांग्रेस विधायक सी.एस. नादगौड़ा ने कहा है कि जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है तब से विकास के लिए कोई फंड जारी नहीं किया गया है। इन परिस्थितियों में उनकी राजनीति में रुचि खत्म हो गई है। कांग्रेस विधायक ने कहा है कि वह अपने विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। यह कांग्रेस पार्टी के शासन के तरीके को दर्शाता है।" आगे कहा, "पिछली भाजपा सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जब इस्तीफा दिया था, तब राज्य में राजस्व अधिशेष था।

इतनी अच्छी स्थिति में रहने वाला राज्य आज संकट से जूझ रहा है। एक तरफ भ्रष्टाचार है तो दूसरी तरफ वित्तीय संकट है। इस बीच राज्य की जनता परेशान है।" उन्होंने कहा, "सीएम के ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले से गरीब और मध्यम वर्ग के लोग परेशान हैं और भाजपा इसका विरोध कर रही है। वहीं सीएम लगातार इस बढ़ोतरी को खारिज करने वाले बयान जारी कर रहे हैं, उनका दावा है कि ईंधन पर कर अन्य राज्यों की तुलना में कम है।" विजयेंद्र ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा, "मैं सीएम को सितंबर 2021 में दिए गए उनके बयान की याद दिलाना चाहता हूं, जब भाजपा सत्ता में थी और वे विपक्ष के नेता थे। उन्होंने कहा था कि तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये की कमी की है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती, तो हम कम से कम 10 रुपये कीमत कम करते।" कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने शनिवार को पेट्रोल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की।

## न्यूज डायरी

### रेणुकास्वामी हत्या कांड : कर्नाटक पुलिस ने सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने रेणुकास्वामी हत्या कांड में कन्नड़ सुपर स्टार दर्शन सहित सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी (वेस्ट) एस. गिरीश ने सोमवार को कहा कि हत्या के बाद से ही लापता नवें आरोपी राजू उर्फ धनराज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने 33 वर्षीय फैन की हत्या की बात सामने आने के एक दिन बाद ही दर्शन सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों के अनुसार, राजू ने पुलिस को बताया है कि उसका दर्शन से सीधे-सीधे कोई लेना-देना नहीं है। वह पांचवें आरोपी नंदीश का दोस्त है जो दर्शन का बहुत बड़ा फैन है। नंदीश ने राजू से वह इलेक्ट्रिक डिवाइस लिया था जिसका इस्तेमाल रेणुकास्वामी को बिजली के झटके देने के लिए किया गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। राजू और नंदीश दोनों केबल का बिजनेस करते थे। रेणुकास्वामी को मेगर नाम के इलेक्ट्रिक टेस्ट इक्विपमेंट से बिजली के झटके दिये गये थे, जिसका इस्तेमाल आम तौर पर इंसुलेशन के रेजिस्टेंस को मापने में किया जाता है। इस बीच, वीरशैव-लिंगायत समुदाय के गुरु रंभापुरी स्वामी जी ने रेणुकास्वामी के घर जाकर उसके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। धर्म गुरु ने कहा, रेणुकास्वामी की हत्या अमानवीय है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सी पार्टी सत्ता में है, उन्हें कठोर कदम उठाने चाहिए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देनी चाहिए। इस नृशंस हत्या से समाज की सिर शर्म से झुक गया है।

### कांग्रेस ही लाई थी ईवीएम, उस पर सवाल उठाना उचित नहीं : लक्ष्मण सिंह



**भोपाल।** दिग्विजय सिंह के भाई और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने ईवीएम पर बढ़ते विवाद के बीच कहा है कि कांग्रेस पार्टी ही ईवीएम लेकर आई थी, इस पर सवाल उठाना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने इसके साथ ही कई और मुद्दों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद के विषय को हटाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस विषय पर तमाम राजनीतिक दल के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। लक्ष्मण सिंह ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्या बच्चों को ये बताना चाहेंगे कि मुगलों ने हमारे मंदिर को तोड़ा था। बच्चों को यह इतिहास पढ़ना चाहिए कि वहां पर राम मंदिर था। एनसीईआरटी की किताब से अगर बाबरी मस्जिद के विषय को हटाया गया है तो कोई गलत नहीं है। जो सच है वही बच्चों को बताया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर तक हमें समितियां बनानी चाहिए। समितियां जो भी फैसला करे, उस पर निर्णय लेना चाहिए, ना कि बंद कमरे में 10-12 लोगों को बिठाकर कोई निर्णय लें।
ईवीएम पर उठ रहे सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हमारी ही पार्टी ईवीएम लेकर आई थी। जब ईवीएम को लाया गया था तब सोनिया गांधी यूपीए की चेयरपर्सन थी। इसलिए उस पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। वहीं एलन मस्क को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने देश की चिंता करें, यहां की नहीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट पर उन्होंने कहा कि सरकार को गिराने की न सोचें। आप बड़े और वृद्ध नेता हैं। लक्ष्मण सिंह ने खड़गे को नसीहत देते हुए कहा कि पांच साल तक मेहनत करें ताकि हम पांच साल बाद अपनी सरकार बनाएं।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हथियारों के साथ आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों ने सोमवार को ये जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी की पहचान कश्मीर के हंदवाड़ा तहसील के कचरी गांव के जाकिर हमीद मीर के रूप में की है। अधिकारियों ने कहा, गिरफ्तार आतंकवादी सीमा पार अपने पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं और जांच के दौरान और खुलासे होने की उम्मीद है। इस बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में हर कीमत पर आतंकवाद का सफाया करने को कहा है। साथ ही अमित शाह ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों द्वारा बनाए गए आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को भी नष्ट करने का आदेश दिया है। इस बीच, बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया गया। मुठभेड़ सोमवार सुबह हुई, लेकिन ऑपरेशन अभी भी जारी है।

### गिरिराज सिंह ने कांग्रेस को बताया देश के लिए 'काला धब्बा'



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस को राष्ट्र के लिए काला धब्बा बताया। उन्होंने इस बात को फिर दोहराया कि कांग्रेस को देश की जनता से कोई सरोकार नहीं है, वो सिर्फ और सिर्फ अपने राजनीतिक हितों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा, अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है। वो सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। गिरिराज सिंह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, आज की तारीख में कांग्रेस देश और लोगों के लिए काला धब्बा बन चुकी है। कांग्रेस के नेता विदेशों में जाकर देश को गाली देते हैं। यही इन लोगों का चाल, चरित्र और चेहरा है। इन लोगों पर भरोसा करना देश को खतरे में डालने के बराबर है। बीजेपी नेता ने कहा, कांग्रेस हमेशा से ही देश के लोकतंत्र को बदनाम करती आई है। कांग्रेस कभी भी देश के लोगों के भले के बारे में नहीं सोच सकती। कांग्रेस के नेताओं ने वैश्विक मंच पर हमेशा से ही देश को अपमानित किया है, जो किसी भी मायने में उचित नहीं है।

# कांग्रेस ने हिमाचल-उत्तराखंड में होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया। इसकी जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगामी विधानसभा उपचुनावों में पार्टी उम्मीदवारों के रूप में इन नामों को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा उत्तराखंड के चमोली जिले की बद्रीनाथ सीट से लखपत बुटोला को उपचुनाव में टिकट दिया गया है। वहीं, काजी निजामुद्दीन को हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट से उम्मीदवार गया बनाया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश की तीनों सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की थी। भाजपा ने हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से कृष्ण लाल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक इन विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जा चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। 24 जून को मतपत्रों की जांच की जाएगी। जबकि, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। चुनाव आयोग ने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 13 जुलाई को होगी।

# जदयू सांसद के बयान पर राजद और कांग्रेस नाराज, भाजपा बचाव में उतरी



**पटना।** बिहार के सीतामढ़ी से नवनिर्वाचित जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के बयान पर राजनीति गरमा गई है। इस बयान को लेकर राजद और कांग्रेस ने जदयू सांसद की नीयत पर सवाल उठाए तो भाजपा बचाव में उतर आई है। दरअसल, सीतामढ़ी से जदयू के नवनिर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर अपने लोकसभा क्षेत्र के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कम वोट से विजयी होने के कारण बता रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका दर्द छलक पड़ा। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि वे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। इस दौरान उन्होंने यादव और मुसलमान लोगों का काम सबसे ज्यादा किया। लेकिन, अब यादव और मुसलमान का काम नहीं करेंगे। कोई अगर इस समाज का उनके यहां काम करवाने आता है तो उनको चाय-नाश्ता जरूर कराएंगे। लेकिन, उनका काम नहीं करेंगे। इस बयान के बाद कांग्रेस और राजद के नेता भड़क गए। राजद के प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने कहा कि देवेश ठाकुर लंबे समय तक विधान परिषद के सभापति रहे हैं। ऐसे में इस तरह का बयान सही नहीं हैं। वे अब क्षेत्र के सांसद हैं और पूरे क्षेत्र का विकास उनकी जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ललन कुमार यादव ने कहा कि यह संगत का असर है। भाजपा के साथ जाने के बाद जदयू के नेताओं को भी धर्म और जाति दिखाई देने लगी। चुनाव में कौन किसे वोट देता है, नहीं देता है, यह चुनाव तक ही सीमित है। देवेश ठाकुर पूरे सीतामढ़ी क्षेत्र के सांसद चुने गए हैं। ऐसा अगर सभी जनप्रतिनिधि करने लगे तो क्या होगा? दूसरी तरफ भाजपा नवनिर्वाचित सांसद के बचाव में उतर आई है।

# चार राज्यों के चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की



**नईदिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह-प्रभारियों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारियों की नियुक्ति की बात करें तो, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को महाराष्ट्र, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।

# राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे को फेक न्यूज फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए : ईवीएम विवाद पर शिवसेना



**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने सोमवार को कहा कि मीडिया रिपोर्टों के आधार पर सोशल मीडिया पर नॉर्थ वेस्ट मुंबई लोकसभा क्षेत्र में ईवीएम से छेड़छाड़ के बारे में फेक न्यूज फैलाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिये। निरुपम का यह बयान खबर प्रकाशित करने वाले अखबार के खंडन के बाद आया है। अंग्रेजी अखबार ने माफी मांगते हुए कहा कि मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती के बारे में उसके द्वारा प्रकाशित खबर गलत थी। निरुपम ने कहा, मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट से शिवसेना उम्मीदवार रविंद्र वायकर ने 48 मतों के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराकर चुनाव जीता था। लेकिन विपक्ष ने इस परिणाम पर सवाल उठाये हैं। अखबार के 'फेक' न्यूज के आधार पर 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं ने हमला शुरू कर दिया। अब उन सबको माफी मांगनी चाहिए। यदि अखबार ने माफी मांगी है तो आदित्य ठाकरे को भी माफी मांगनी चाहिए। शिवसेना नेता ने कहा कि जिन लोगों ने परिणाम को लेकर चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगाए हैं, उन्हें भी माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा, पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के बाद भी चुनाव आयोग को निशाना बनाया गया, इसलिए माफी मांगने की जरूरत है। निरुपम ने दावा किया कि ईवीएम हैक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, यदि ईवीएम हैक किया जा सकता तो कांग्रेस इतनी सीटें कैसे जीत जाती? शिवसेना (यूबीटी) के अमोल कीर्तिकर के जीतने की खबर 4 जून को 5.40 बजे कैसे वायरल हो गई जबकि अभी एक लाख वोटों की गिनती होनी बाकी थी। उन्होंने चेतावनी दी, (शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र) सामना में एक और फेक न्यूज स्टोरी प्रकाशित हुई थी। सामना की एडिटर रश्मि ठाकरे हैं। यदि सामना सार्वजनिक माफीनामा प्रकाशित नहीं करता है तो हम प्रेस काउंसिल में अपील करेंगे।

# भाजपा नेता किरीट सोमैया ने ईवीएम हैक के आरोपों को किया खारिज



**मुंबई।** ईवीएम विवाद पर महाराष्ट्र की सियासत गर्मा गयी है। पूर्व सांसद और महाराष्ट्र भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया ने इस पर बड़ा बयान दिया है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा है कि उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी को मुंह दिखाने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इसलिए वो प्रतिदिन कोई ना कोई ऐसी बयानबाजी करते रहते हैं। एक ईवीएम मशीन हो या अन्य ईवीएम मशीन हर मशीन का निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस मामले में कहा है कि हर ईवीएम मशीन अलग-अलग है। इसमें किसी भी प्रकार का ना तो इंटरनेट कनेक्शन है और ना ही कोई मोबाइल कनेक्शन है। उसमें किसी प्रकार के सिम कार्ड का भी इस्तेमाल नहीं हो सकता है। ऐसे में मोबाइल फोन के जरिए ईवीएम कैसे हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी मोबाइल या इंटरनेट के जरिए ईवीएम मशीन को हैक नहीं किया जा सकता। एक बात तय है कि मोबाइल के जरिए संजय राउत और उद्धव ठाकरे की बुद्धि को हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन के मामले में भी कोर्ट ने साफ कहा था कि मशीन के मामले में किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार को रोका जाए। यही वजह है कि कोंकण में उद्धव ठाकरे का सफाया हो चुका है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी उनका बुरा हाल होगा। बता दें कि मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता रवींद्र वायकर ने महज 48 वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव में शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता अमोल कीर्तिकर को 4,52,596 तो वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता रवींद्र वायकर को 4,52,644 वोट मिले थे। इस सीट पर दोबारा काउंटिंग भी कराई गई थी। इससे पहले संजय राऊत ने एलन मस्क के बयान का हवाला देते हुए कहा था कि चुनाव आयोग के इतिहास की जांच होनी चाहिए।

# भाजपा ने पंजाब एवं पश्चिम बंगाल के विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी किए घोषित



**नई दिल्ली।** भाजपा ने पंजाब एवं पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पंजाब एवं पश्चिम बंगाल राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव हेतु उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी है। भाजपा ने पंजाब के जालंधर पश्चिम से शीतल अंगुराल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के रायगंज से मानस कुमार घोष, राणाघाट दक्षिण से मनोज कुमार बिस्वास, बगदा से बिनय कुमार बिस्वास और मानिकतला से कल्याण चौबे भट्टाचार्य को उम्मीदवार बनाया है। इन विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जा चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। 24 जून को मतपत्रों की जांच की जाएगी। जबकि, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। चुनाव आयोग के मुताबिक, सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 13 जुलाई को होगी।

# पोक्सो मामले में सीआईडी के सामने पेश हुए पूर्व सीएम येदियुरप्पा

## येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की गई थी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस. येदियुरप्पा पोक्सो मामले में पूछताछ के लिए सीआईडी पुलिस के सामने पेश हुए। सीआईडी के सामने पेश होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि वह अब सीआईडी के पास जा रहे हैं और वापस लौटेंगे। बता दें कि सीआईडी पुलिस अधीक्षक (एसपी) सारा फातिमा की अगुवाई वाली टीम इस मामले में येदियुरप्पा से पूछताछ करेगी। इस मामले में गिरफ्तारी का सामना कर रहे येदियुरप्पा को शुक्रवार को अस्थायी राहत मिल गई। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पुलिस को उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू नहीं करने का निर्देश दिया।


न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने येदियुरप्पा को सोमवार को बिना किसी चूक के अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था, जैसा कि उन्होंने पुलिस को दिए अपने जवाब में उल्लेख किया था।

मार्च में येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। एक महिला ने आरोप लगाया कि जब वह मदद मांगने पूर्व सीएम के आवास पर गईं तो उनकी बेटी को परेशान किया गया। 3 मार्च 2024 को पीड़िता की मां ने सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी का यौन उत्पीड़न किया गया है। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री को इसलिए निशाना बना रही है क्योंकि पार्टी लोकसभा चुनाव में हार को पचा नहीं पा रही है।

सोशल मीडिया पर मंत्री जोशी ने दावा किया कि राज्य सरकार अपने कुशासन को छिपाने के लिए 81 वर्षीय नेता के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराकर उनके खिलाफ साजिश कर रही है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्री योजना के तहत अंबाला से अयोध्या के लिए बस रवाना



**अंबाला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्री योजना के तहत अयोध्या के लिए बस को रवाना किया। सीएम सैनी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्री योजना के तहत अंबाला से 42 लोगों का एक जत्था अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहा है। इन तीर्थ यात्रियों को स्पेशल बस से अयोध्या ले जाया जा रहा है। इसको लेकर लोगों ने खुशी जताते हुए सीएम सैनी से कहा कि उनका सपना आज साकार हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंबाला मां अंबा की नगरी है। यहां से श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे हैं, यह बहुत ही खुशी की बात है। हम उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हैं। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। रोडवेज के जीएम अशवनी कुमार डोगरा ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्री योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत 60 से 80 साल के बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाई जाती है। इस योजना के माध्यम से तीर्थ यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रियों को स्पेशल बस से अयोध्या भेजी जा रही है, यह यात्रा तीन दिन की होगी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# विधानसभा वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा में बिछ गई है पूरी बिसात

## हाईकमान मानकर चल रहा है अक्टूबर-नवंबर में बनेगी जाकर बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की राजनीति में एक लंबे समय के बाद वो दौर आया है जब यहां लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद विधानसभा का उपचुनाव आया है। हालांकि भाजपा इस बात को लेकर पहले दिन से श्योर थी कि लोकसभा चुनाव में उनके विधायक जी को विजयश्री मिलेगी और सीट पर उपचुनाव होगा। एक वजह यह रही कि लोकसभा चुनाव में विधानसभा के दावेदारों ने ताल ठोकी। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए आये बड़े चेहरों से मुलाकात भी कर ली और अपनी दावेदारी की बात भी कर ली। बात यहीं तक नहीं बनी और फिर ये चेहरे लखनऊ से लेकर बनारस तक गये और वहां प्रमुख चेहरों की चरण वंदना से लेकर आवेदन निवेदन वाले सारे काम हो गये। आश्वासन भी मिल गये और अब दावेदारी चल रही है। दावेदारी को लेकर संगठन के लखनऊ मेरठ और गाजियाबाद वाले चेहरों का ये कहना है कि पहले चुनाव आयोग चुनाव का ऐलान तो करे। दावेदार चाहते हैं कि पार्टी उपचुनाव में उनके नाम पर विचार तो करे। सूत्र बताते हैं कि दावेदार जहां पूरी तरह तैयार हैं वहीं भाजपा का नेतृत्व ये मानकर चल रहा है कि चुनाव वाला सीन अक्टूबर नवंबर में आयेगा। उसकी वजह भी बतायी जाती है कि पहले चरण में उपचुनाव 10 जुलाई को हो रहा है। 10 जुलाई वाली इस लिस्ट का ट्विस्ट ये है कि इसमें गाजियाबाद का नाम नहीं है। ऐसे में पहले जुलाई वाला चुनाव सम्पन्न होगा और फिर अगला उपचुनाव का नंबर आयेगा। सूत्र बताते हैं कि दावेदार कुछ भी दावा करें लेकिन नेतृत्व ये जानता है कि गाजियाबाद में उपचुनाव का नंबर ही अक्टूबर और नवंबर में आयेगा।

इसकी वजय भी यह बताई जा रही है कि लोकसभा का सत्र जुलाई में समाप्त हो जायेगा और इसके नतीजे व अन्य प्रक्रिया होने में अगस्त माह निकलेगा। इसके बाद अगर चुनाव आयोग अधिसूचना भी जारी करता है तो यह 45 दिन की होगी। ऐसे में सितम्बर माह इसी में निकल जायेगा और चुनाव वाला सीन अक्टूबर नवंबर में ही बन पायेगा।

### तब हारी थी भाजपा और हुआ था उपचुनाव और अब जीती है भाजपा और होगा उपचुनाव

करंट क्राइम। अगर उपचुनाव की बात करें तो गाजियाबाद में ये एक राजनीतिक संयोग है जहां जब उपचुनाव हुआ था तो भाजपा हारी थी और लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव हारी थी, तब उपचुनाव हुआ था। इस बार भाजपा जीती है और उपचुनाव हो रहा है। गाजियाबाद की चुनावी हिस्ट्री देखें तो तब कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने भाजपा के बालेश्वर त्यागी को हराया था। उसके बाद यहां विधानसभा उपचुनाव हुआ था और उस उपचुनाव में भी भाजपा तीसरे नंबर पर रह गई थी। तब पहले नंबर पर सपा के सुरेन्द्र मुन्नी, दूसरे नंबर पर कांग्रेस के सतीश त्यागी और तीसरे नंबर पर भाजपा की सुनीता दयाल आयीं थी और चौथे नंबर पर बसपा के मनीष पंडित रहे थे। इसके बाद लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने भाजपा के रमेश चंद तोमर को हराया था। लेकिन इस बार उपचुनाव तो है लेकिन कहानी का ऐंगल बदल गया है। इस बार ये सीट भाजपा के जीतने के कारण खाली हुई है। इस बार इलैक्शन में प्रमोशन का सीन है। भाजपा के अतुल गर्ग का प्रमोशन विधानसभा से लोकसभा में हुआ है। भाजपा के विधायक अतुल गर्ग चुनाव जीतकर सांसद बने हैं इसलिए ये सीट रिक्त हुई है।

### चुनाव आयोग के ऐलान से पहले ही दावेदार बना रहे हैं पूरा प्लान

करंट क्राइम। भाजपा में उपचुनाव को लेकर जबरदस्त इंटरेस्ट है। वहीं अन्य दलों में सीन साईलेंट वाला है। अन्य दलों का संगठन और उसके दावेदार चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद वो अपने नेताओं की तरफ इस बात के लिए देखेंगे कि हमें गठबंधन में चुनाव लड़ना है या लड़वाना है। लेकिन भाजपा वाले ये कन्फर्म मानकर चल रहे हैं कि हमें चुनाव लड़ना है। वो चुनाव आयोग के ऐलान के भरोसे नहीं बैठे हैं। भाजपा के दावेदार चुनाव आयोग के ऐलान से पहले ही अपना प्लान तैयार कर चुके हैं। वो जानते हैं कि टिकट कितने दरवाजों से होकर गुजरेगा और वो इन सभी दरवाजों पर सलाम कर चुके हैं। दावेदारों का एक पूरा मेला भाजपा में है। कुछ खुलकर दावेदारी कर रहे हैं और कुछ भूमिगत प्लान पर काम कर रहे हैं। सभी को आश्वासन मिल रहे हैं भरोसा मिल रहा है और ये भरोसा ही उनके चुनावी ख्वाब को और मजबूत कर रहा है।

### क्या मतदान का प्रतिशत डालेगा चुनाव के माईलेज पर असर

करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव में धीमा मतदान हुआ और इसका असर चुनावी आंकड़ों पर आ गया। भाजपा संगठन से लेकर भाजपा उम्मीदवार ने भी माना कि कम मतदान से जीत के मार्जिन पर असर पड़ा है। ऐसे में शहर विधानसभा में अगर मतदान कम हुआ तो इसका कितना असर पड़ेगा।



इसकी वजह भी यह है कि भाजपा को सबसे ज्यादा जीत का माईलेज देने वाली साहिबाबाद विधानसभा का वोट इस चुनाव से दूर रहेगा। यहां पर कुछ इलाके भाजपा का गढ़ हैं लेकिन कुछ इलाकों में अगर वोटों का ध्रुवीकरण हुआ तो इसका असर पड़ेगा। हालांकि भाजपा के थिंक टैंक वाले नेता इस संभावना को सिरे से खारिज कर रहे हैं। वो तर्क दे रहे हैं कि मेयर उपचुनाव में महज 17 प्रतिशत का मतदान हुआ था। वो क्षेत्र बता रहे हैं कि ये मतदान मुख्य रूप से कविनगर, राजनगर, चिरंजीव विहार, गोविन्दपुरम, शास्त्रीनगर मे हुआ था और भाजपा 40 हजार से भी अधिक वोटों से चुनाव जीत गई थी। ऐसे में वो शहर की सघन बस्तियों और लाइनपार इलाकों को भाजपा का वोट बैंक मानकर चल रहे हैं और वो मान रहे हैं कि कमल खिलेगा। वहीं विपक्षी दलों का अपना गणित है और कौन अपने वोटर को बूथ तक लाने में इस उपचुनाव में कामयाब रहा है ये मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

# अमन-चैन के बीच मनाया गया बकरीद का त्योहार, पुलिस रही अलर्ट

## प्रमुख स्थानों पर तैनात की गई थी क्विक रिएक्शन टीम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को बकरीद का त्यौहार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में शांति पूर्वक सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ।

सुबह नमाज को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल और क्विक रिएक्शन टीम के साथ ही डिजिटल वालंटियर फोर्स को भी तैनात किया गया था।

बड़ी मस्जिदों और भीड़भाड़ वाले स्थान पर सुबह की नमाज दो बार में पढ़ी गई। तो वहीं कैला भट्टा, शहीद नगर, डासना, मसूरी, मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद के पसौंड़ा, महाराजपुर की प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस के आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बकरीद के त्यौहार की वजह से दोपहर बाद बाजारों, मॉल, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ भी देखी गई।



### कैला भट्टा पर मौजूद रहे अधिकारी दी त्योहार की मुबारकबाद

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में कैला भट्टा स्थित ईदगाह पर डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार के साथ ही एसीपी घंटाघर कोतवाली प्रियाश्री पाल, घंटा घर कोतवाल दिनेश सिंह पुलिस बल के साथ यहां मुस्तैद रहे। नमाज पढ़ने आए लोगों को पुलिस के अधिकारियों ने भी बकरीद की शुभकामनाएं दी और त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

### बड़ी संख्या में तैनात रही पुलिस फोर्स




**करंट क्राइम।** बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। इसी के साथ सुबह नमाज के समय सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया था। वहीं खुद एसीपी स्तर के अधिकारी इसकी समीक्षा कर रहे थे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बिना किसी वाद विवाद के बकरीद का त्यौहार संपन्न हुआ।



# किसी तरीके से नाम चला जाये दावेदारी में इन द पैनल भाजपा के एक दावेदार ने बना लिया है अपना चैनल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव जब होगा तब होगा लेकिन दावेदार पूरी तरह तैयार है। इस बार पंजाबी फैक्टर पर चर्चा हो रही है। दैनिक करंट क्राइम ने पंजाबी समाज को लेकर लगातार समाचार भी प्रकाशित किये हैं और इस समाज की सियासी भागीदारी पर सवाल उठाया है।

पार्टी का ध्यान पंजाबी समाज पर होना चाहिए। वैसे ये अलग बात है कि किसी भी पंजाबी नेता ने आज तक कोई जनसभा करके, कोई सम्मेलन करके अपने समाज की ताकत नहीं दिखाई है। अगर बात संदेश की करें तो गुरूद्वारों में सम्मान से आगे ये कहानी नहीं आई है। परिचय सम्मेलन के मंच पर चेहरे दिखाई देते हैं। सरोपे, पटके से लेकर जी आया नूं का सीन है लेकिन टिकट आया वाला सीन नहीं बनता है। सूत्र बताते हैं कि इन सबके बीच एक पंजाबी ब्राह्मण दावेदार भी लगातार तैयारी कर रहे हैं और बताया जाता है कि अब उन्होंने इसके लिए अपना चैनल लॉच कर दिया है वो जोर शोर से अपने इस चैनल को ला रहे हैं। इस चैनल में पंजाबी समाज की सियासी हिस्ट्री रहेगी। पंजाबी समाज की कई मिस्ट्री रहेगीं। भाजपा ये पंजाबी दावेदार भले ही खुलकर ना कहें लेकिन चैनल के प्रति उनका लव ये बताने के लिए काफी है कि उनके मन में दावेदारी बाकी है और उनका ये प्रयास है कि चैनल का माध्यम से उनका नाम पैनल तक पहुंचे। अब उनका ये प्रयास कितना सार्थक होगा ये आने वाला समय बतायेगा। लेकिन फिलहाल चैनल के माध्यम से पैनल का रास्ता दावेदार तलाश कर रहे हैं।




# कार्यकारिणी और बोर्ड बैठक को लेकर पार्षद कर रहे हैं इंतजार चुनावी सीजन के बीच कार्यों का ब्यौरा आएगा बाहर

**जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई शुरुआत में हो सकती है बैठक**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चुनावी सीजन खत्म हो चुका है, अब चुनावी सीजन के बाद नगर निगम की बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक का पार्षदों को बेसब्री से इंतजार है। दरअसल नगर निगम और कार्यकारिणी की बोर्ड बैठक में बीते दिनों हुए विकास कार्यों का ब्यौरा भी रखा जाएगा। तो वहीं अन्य बातों की भी जानकारी सदन के सामने रखी जानी है लेकिन अभी तक नगर निगम की बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक कब होगी, इसको लेकर कोई डेट फिक्स नहीं हुई है। नगर निगम के सूत्र बताते हैं कि बोर्ड बैठक में कई प्रमुख मुद्दे भी आने वाले दिनों में उठ सकते हैं। इसमें पार्षद की गिरफ्तारी के विषय से लेकर नगर निगम की दुकानों की किराया बढ़ोत्तरी और विकास कार्यों से लेकर जल संकट के विषय पर भी चर्चा होनी तय मानी जा रही है।




### बैठक की कब होगी डेट फाइनल अभी नहीं है क्लीयर

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद में बोर्ड बैठक होगी या कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी, इसको लेकर अभी ना तो स्थिति क्लियर है और ना ही कोई डेट फाइनल हो पाई है। नगर निगम गाजियाबाद के सूत्र बताते हैं कि या तो जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के शुरूआत में बोर्ड बैठक या कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जा सकती है। जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों और शहर के विकास कार्यों से लेकर आगामी बारिश के दिनों का ध्यान रखते हुए क्या तैयारी और चर्चा होती है यह भी देखना होगा।

### पार्षदों को है बेसब्री से मुद्दे उठाने का इंतजार

करंट क्राइम : नगर निगम को मिनी संसद भी कहा जाता है। इसलिए निगम के सूत्र बता रहे हैं कि पार्षदों की होने वाली बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक का बेसब्री से इंतजार है। दरअसल पार्षदों को अपने इलाके में विकास कार्य कराने से लेकर मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करनी है। ऐसे में उनके लिए नगर निगम की बोर्ड बैठक और कार्यकारिणी बैठक एक ऐसा प्लेटफॉर्म मिलता है जहां वह महापौर, नगर आयुक्त और निगम के अधिकारियों के सामने अपने विकास कार्यों का खाखा भी रख सकते हैं साथ ही चर्चा व उन मुद्दों पर भी विचार रखते हैं जो शहर हित व निगम हित में होने वाले होते हैं।

# क्या समाजवादी पार्टी में हो चुकी है परिवर्तन की अंदर खाने रणनीति तैयार क्या संगठन में नजर आएंगे पुराने चेहरे फिर एक बार

**गाजियाबाद में थी जैसे रिजल्ट की आस, वैसा नहीं आया परिणाम**

गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव समाप्त हो चुका है। लोकसभा चुनाव के बाद जहां अब सभी प्रमुख दल आगामी उपचुनाव के लिए जुट गए हैं।

तो समाजवादी पार्टी की अगली रणनीति 2027 का विधानसभा चुनाव है। उत्तर प्रदेश में जिस तरीके से लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मेहनत करते हुए अखिलेश यादव के कद और पार्टी के कुनबे को बढ़ाने का काम किया है, उसको देखते हुए लखनऊ और दिल्ली में सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली से सेट सबसे खास जिले गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के संगठन में कोई परिवर्तन भी किया जा सकता है।

पार्टी के विश्वसनीय सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि जिस तरीके की गाजियाबाद लोकसभा सीट पर रिजल्ट की उम्मीद थी रिजल्ट वैसा नहीं आया है। इसीलिए 2027 की तैयारी के मद्देनजर गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी पुराने चेहरों पर फिर एक बार संगठन में जगह दे सकती है ताकि पार्टी को मजबूत बनाया जा सके।

### धौलाना-लोनी में हुए मजबूत पर उम्मीद रहती थी जीत की

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी ने गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को मजबूती से लड़ाया, तो उनका चुनावी आंकड़ा इस बार बेहतर हुआ, लेकिन समाजवादी पार्टी ने जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की अलग-अलग लोकसभा सीटों पर प्रदर्शन किया उससे संगठन और पार्टी अध्यक्ष को भी गाजियाबाद में भी कुछ करिश्मा होने की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, पर सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने धौलाना और लोनी में पिछड़े बार से बेहतर चुनाव लड़ा है। पार्टी के वोट बैंक की संख्या में भी इजाफा हुआ है। उधर चुनावी रिजल्ट आने के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि विधानसभा 2027 में अगर लोकसभा वाला क्रम बरकरार रखना है, तो बड़ी संख्या में परिवर्तन और मेहनत करनी होगी।

### क्या पुराने नाम खेलेंगे विधानसभा के लिए संगठन की पारी

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी के कई पुराने महानगर और जिला अध्यक्षों के साथ ही चुनावी पिच पर पारी खेलने वाले सपा नेता इन दिनों दिल्ली और लखनऊ में एक्टिव मोड पर आ गए हैं। वहीं भैया जी से लेकर संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर रहे हैं। साथ ही कयास लगाए जा रहे हैं कि वह इन मुलाकातों के जरिए 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अपनी जगह भी तलाश रहे हैं। सूत्रों पर भरोसा करें तो संगठन जिन नाम को लेकर गाजियाबाद में पुन विचार कर सकती है, उसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व व्यापारी वर्ग में अच्छी पहचान रखने वाले अभिषेक गर्ग, समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, इसके साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिक का नाम इन चर्चाओं में आगे चल रहा है। वहीं पूर्व महासचिव युवजन सभा अमन यादव के साथ ही कई और भी ऐसे नाम हैं जो पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार मिल रहे हैं और अपनी बात को प्रमुखता के साथ रख भी रहे हैं।

### क्या लोकसभा का परिणाम बनेगा विधानसभा के लिए पैगाम

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में जिस तरीके से अलग-अलग लोकसभा सीट पर प्रदर्शन किया है, उससे न सिर्फ लोकसभा के चुनाव में बड़ा परिवर्तन आया है बल्कि जैसे परिणाम लोकसभा में आए हैं, वैसे ही परिणाम अब विधानसभा चुनाव में भी आने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वहीं समाजवादी के यह पूर्व नेता चाहते हैं कि इनको लोकसभा चुनाव में जो ऑक्सीजन मिल रही है, उसका लाभ विधानसभा चुनाव 2027 में मिले। ताकि यह नेता सत्ता वाले समय में आपना दबदबा कायम रख पाए। सपा के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके की संगठन के पदाधिकारी के बीच चर्चाएं चल रही हैं। उसके अनुसार जल्द ही समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद के विधानसभा उपचुनाव से पहले ही कुछ नाम को लेकर परिवर्तन वाला मैटर सामने आ जाए। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ने भी बेहतर ढंग से डॉली शर्मा को चुनाव लड़ाया है। पर देखना होगा आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी के संगठन में क्या परिवर्तन देखने को मिलता है।

## संपादकीय

# देश के जल प्रबंधन में बड़ी खामियां

अमीर तबका पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा सकता है, लेकिन टैंकर के पीछे दौड़ने और सार्वजनिक नलों पर धूप में लंबी लाइन लगाने वाली आम जनता कहां जाए? पानी जैसी बुनियादी जरूरत की किल्लत सबसे ज्यादा मार करती है गरीबों पर। दिल्ली जल संकट का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा हुआ है। हालांकि शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल सही है कि उसके पास पानी के बंटवारे का फॉर्म्युला तय करने की विशेषज्ञता नहीं। वैसे भी अभी यह समय फॉर्म्यूला निकालने का नहीं है। अभी दिल्ली को पानी चाहिए, जल्द से जल्द। पानी को लेकर हिमाचल, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और दिल्ली के बीच 1994 में एक समझौता साइन हुआ था। हालांकि इस बात को तीन दशक बीत चुके हैं और इस दौरान दिल्ली की आबादी, उसकी जरूरतें बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इसलिए पुराने समझौते में बदले हुए हालात के मुताबिक बदलाव करना बेहतर होगा। पानी की समस्या केवल दिल्ली की नहीं, देश के लगभग सभी बड़े शहर इससे जूझ रहे हैं। कुछ अरसा पहले बेंगलुरु से ऐसी खबरें आ रही थीं। मुंबई में भी इस साल पानी में कटौती करनी पड़ी। यह साफ इशारा है कि हमारा जल प्रबंधन ठीक नहीं। अभी तक जो भी इंतजाम किए हैं हमने, वे कारगर नहीं हो पा रहे हैं। वक्त है कि उनकी फिर से समीक्षा की जाए।

हमारे शहर जिस संकट का सामना कर रहे हैं, वह केवल इस साल की कहानी नहीं है। जलवायु परिवर्तन का असर गहराने के साथ यह संकट भी बढ़ता जाएगा। इससे बचने के लिए प्रभावी और दूरगामी कदम उठाने होंगे। हमारी नदियों में पानी की गुणवत्ता और खराब होती जा रही है। तमाम नदियों का पानी तो अब जानवरों के पीने लायक भी नहीं बचा है। यही हाल तालाब, कुओं और दूसरे जलाशयों का भी है। कई जगह अतिक्रमण हो चुका है। इस पर सख्त एक्शन लेना होगा। दिल्ली में जब संकट गहराया है तो टैंकर माफिया की बात चल निकली है। लेकिन, सोचने वाली बात है कि ये माफिया एकाएक तो इतने मजबूत हुए नहीं होंगे। इन पर पहले एक्शन क्यों नहीं हुआ? और इन्हें किनकी शह मिल रही है? इसी तरह वॉटर रीसाइक्लिंग और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज पर कितना काम हो रहा, इसे भी चेक किया जाना चाहिए।

जब भी कोई घटना घटित होती है या किसी चीज का संकट उत्पन्न हो जाता है तभी हाहाकार मचता है जैसा कि अब पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए दिल्ली में हो रहा है। अमीर तबका पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा सकता है, लेकिन टैंकर के पीछे दौड़ने और सार्वजनिक नलों पर धूप में लंबी लाइन लगाने वाली आम जनता कहां जाए? किसी भी पॉलिसी में इनका ध्यान रखना चाहिए, यह मसला अब राजनीति का नहीं रह गया है।

# राज्यों के वित्त मंत्री और किसानों के निकायों से करेंगी प्री-बजट पर चर्चा :सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस हफ्ते इंडस्ट्री और किसानों के निकायों और राज्यों के वित्त मंत्रियों से प्री-बजट चर्चा करेंगी। बता दें, नई सरकार बनने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई के आखिर में पेश किया जाना है। जानकारी के मुताबिक, वित्त मंत्री भारतीय कंपनियों के साथ गुरुवार को बैठक कर सकती हैं।

इसके अलावा किसान एसोसिएशन और अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक शुक्रवार को हो सकती है। इसके अलावा सीतारमण की ओर से बजट पर राज्यों के लिए वित्त मंत्रियों के साथ बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हो सकती है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों की मदद से केंद्र सरकार 108 केंद्रीय वित्तपोषित योजनाएं चला रही है। इनका



अनुमानित बजट वित्त वर्ष 2024-25 में 5.01 लाख करोड़ रुपये है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 4.76 लाख करोड़ रुपये था। वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कहा गया कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे के तहत बजट से जुड़ा काफी सारा कार्य पूर्ण हो चुका है।

इंडस्ट्री और किसानों के निकायों के बातचीत के बाद सरकार को समस्याओं की अधिक जानकारी मिलेगी और इनका आसानी से समाधान निकाला जा सकेगा। आने वाले बजट से उम्मीद की जा रही है कि इसमें कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही लखपति दीदी जैसी योजनाओं से स्वयं सहायता समूहों को और सशक्त बनाया जाएगा।

नई सरकार में निर्मला सीतारमण को दोबारा वित्त मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है, जो दिखाता है कि सरकार की नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के बीच जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत है, जो कि दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

इसके अलावा महंगाई पर नियंत्रण पाने में सफलता मिली है और मई 2024 में महंगाई दर 4.75 प्रतिशत रही है। वित्त मंत्री के नेतृत्व में राजकोषीय घाटा जो कि 2020-21 में जीडीपी का 9 प्रतिशत था, जो अब कम होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह दिखाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग की ओर से भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्टेबल से बढ़ाकर पॉजिटिव कर दिया गया है।

## वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 15 से 18 प्रतिशत रह सकता है कंपनियों का ऑपरेटिंग मार्जिन : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों का ऑपरेटिंग मार्जिन 15 से 18 प्रतिशत के बीच रह सकता है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियां, भारत में मानसून की चाल बड़े फैक्टर होंगे, जिन्हें मॉनिटर करना होगा। आईसीआरए के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और को-ग्रुप हेड- कॉरपोरेट रेटिंग्स, किंजल शाह ने कहा कि एफएमसीजी, ऑटोमोटिव, होटल और एयरलाइन में अच्छी मांग होने के कारण वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत और क्रमिक आधार पर 6.3 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। इसके अतिरिक्त पावर और कंस्ट्रक्शन सेक्टर में ग्रोथ मजबूत है। शाह ने आगे कहा कि फर्टिलाइजर और केमिकल सेक्टर में कच्चे माल की लागत में कमी और मांग में धीमापन आने के कारण आय में गिरावट हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा चुनाव के कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर गतिविधियां बंद रहने और अधिक बेस होने के कारण वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में मार्जिन में मामूली गिरावट (तिमाही आधार पर) देखने को मिल सकती है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में लागत कम होने और कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ऑटो, पावर, फार्मा, मेटल और माइनिंग सेक्टर की ओर से सालाना आधार पर ऑपरेटिंग मार्जिन में इजाफा देखने को मिला था।

# पिछले 10 साल में 4 गुना बढ़ गया भारतीय बैंकों का मुनाफा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों के मुनाफे में पिछले 10 वर्षों में 4 गुना का इजाफा हुआ है। इसके साथ ही खराब लोन की संख्या में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। ये जानकारी इन्वेस्टमेंट ग्रुप सीएलएसए की रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले एक दशक में भारतीय बैंक की बैलेंस शीट काफी मजबूत हुई है और मुनाफा चार गुना तक बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि नॉन-परफॉर्मिंग लोन (नेट एनपीएल), जो पहले भारतीय बैंकिंग सेक्टर पर एक बड़ा बोझ था, यह बीते एक दशक में काफी नीचे चला गया है। इससे एसेट्स क्वालिटी में काफी सुधार हुआ है और बैंकों की कैपिटल पॉजिशन भी काफी अच्छी हो गई है।

डिपॉजिट वृद्धि दर लोन वृद्धि दर जितनी ही होनी चाहिए। यह वित्त वर्ष 2012-22 के दौरान पिछले दो वर्षों में यह औसतन 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते पांच वर्षों में सरकारी बैंकों ने निजी बैंकों की अपेक्षा काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

हालांकि, पिछले एक दशक में चालू खाते के मामलों में निजी बैंकों ने सरकारी बैंकों को पछाड़ दिया है और गैर-जमा उधार में भी कमी आई है। सीएलएसए रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में सभी सब-सेगमेंट और संभवतः कॉरपोरेट बॉन्ड प्रतिस्थापन से कुछ बदलावों के कारण सेक्टर में लोन वृद्धि दर अपने दशकीय औसत 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। लंबे समय से लोन वृद्धि दर और डिपॉजिट वृद्धि दर में तालमेल बना रहा है। पिछले 5 से 7 वर्षों में कॉरपोरेट क्रेडिट की क्वालिटी में सुधार हुआ है।

# किफायती मकानों की बिक्री में चार फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, आठ प्रमुख शहरों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बंगलूरू, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, पुणे चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च, 2023 में 63,787, 2019 में 2,26,414 किफायती मकान बिके थे। 2020 में कोविड महामारी के बीच बिक्री घटकर 1,88,233 इकाई रह गई।

देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले किफायती मकानों की बिक्री चार फीसदी घटकर 61,121 इकाई रह गई है। कम आपूर्ति और लग्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग से किफायती मकानों की बिक्री में गिरावट आई है। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, आठ प्रमुख शहरों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बंगलूरू, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, पुणे चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च, 2023 में 63,787 किफायती मकान बिके थे। आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में 2,26,414 किफायती मकान बिके थे।

2020 में कोविड महामारी के बीच बिक्री घटकर 1,88,233 इकाई रह गई। हालांकि, 2021 व 2022 में बिक्री में तेजी आई और यह बढ़कर क्रमशः 2,17,274 एवं 2,51,198 इकाई पर पहुंच गई।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बंता ने पास में खड़े संता से पूछा -
अरे भाई ये कौन सा स्टेशन है?
संता हंसा, और हंसा, जोर जोर से हंसा, हंस हंस के लोट पोट हो गया।
और बड़ी मुश्किल से अपने आप को सम्भालते हुए बोला - 'पगले ये रेलवे स्टेशन है'।

---

चिंटू एक बार डबल डेकर वाली बस में चढ़ गया...
कंडक्टर ने उसे ऊपर भेज दिया,
चिंटू थोड़ी देर में भागता हुआ वापस आया और बोला- भाई मरवाएगा क्या ऊपर
तो ड्राइवर ही नहीं है।

---

संता- डॉक्टर साहब क्या आप मेरी बीमारी का पता लगा सकते हैं?
डॉक्टर- हां, तुम्हारी आंखें बहुत कमजोर हैं।
संता- इतनी जल्दी आपको कैसे पता चला?
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर नहीं पढ़ा कि मैं जानवरों का डॉक्टर हूं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है। न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# नेपाल की चुनौती को काबू कर बांग्लादेश सुपर-8 में

**किंग्सटॉउन (सेंट विन्सेंट)।** बांग्लादेश ने सफलतापूर्वक अपने 106 के स्कोर का बचाव करते हुए नेपाल को भारतीय समयानुसार सोमवार को 21 रन से हराकर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद बांग्लादेश की टीम 106 रन पर सिमट गयी। लेकिन तंजीम हसन साकिब ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा और मुस्तफिजुर रहमान के डेथ बोलिंग मास्टरक्लास ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर का बचाव करते हुए सुपर आठ में पहुंचने वाली जीत दिला दी। नेपाल की टीम 19.2 ओवर में मात्र 85 रन पर सिमट गयी। तंजीम हसन साकिब ने मात्र सात रन देकर चार विकेट झटके जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सुपर 8 में बांग्लादेश का सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से होगा। बांग्लादेश ने इस जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे न्यूनतम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कुछ ही दिनों पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ ही अपने नाम किया था, जब उन्होंने 113 रनों के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था। बांग्लादेश को नेपाल ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था और सोमपाल कामी ने शुरूआत में ही बांग्लादेश को झटका दे दिया। बांग्लादेश को लगातार लग रहे झटकों के बीच शाकिब अल हसन और महमूदुल्लाह में साझेदारी पनपी ही थी कि दोनों में गलतफहमी हुई और महमूदुल्लाह को रनआउट होकर जाना पड़ा। पिच पर स्पिनर्स को मदद मिल रही थी और दोहरा उछाल भी था।



बांग्लादेश की पूरी टीम मिलकर किसी तरह 106 रन का स्कोर खड़ा कर पाई। हालांकि एक मुश्किल विकेट को देखते हुए नेपाल के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना उतना आसान नहीं रहने वाला था। तंजीम हसन साकिब ने शुरूआत में एक ही ओवर में दो झटके देकर नेपाल को पीछे धकेल दिया। यह इस मैच में पहला और सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ क्योंकि इस क्षण के बाद नेपाल बांग्लादेश को मुश्किल में नहीं डाल पाई। हालांकि बीच में दीपेंद्र ऐरी और कुशल मल्ला के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई और ऐसा प्रतीत हुआ कि यहां से बांग्लादेश को चुनौती मिल सकती है।

लेकिन तभी मुस्तफि जुर रहमान ने मल्ला को चलता कर बांग्लादेश की वापसी करा दी। 19वें ओवर में भी मुस्तफि जुर ने ऐरी का विकेट लेने के साथ साथ मेडन ओवर किया और ऐसा कर के उन्होंने बांग्लादेश की जीत पर मुहर लगा दिया। मुस्तफि जुर ने तीन तो वहीं तंजीम ने चार विकेट झटके। मुस्तफि जुर ने एक ओवर मेडन डालते हुए सिर्फ.सात रन दिए। जबकि तंजीम ने दो ओवर मेडन डालते हुए चार विकेट लिए। तंजीम का यह गेंदबाजी आंकड़ा टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा भी है। पहली बार बांग्लादेश ने इस टूनार्मेंट के इतिहास में किसी एक संस्करण में तीन मैच जीते हैं।

## संदीप लामिछाने ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश ने नेपाल को 21 रनों से हराकर सुपर-8 में एंट्री कर ली। सोमवार को दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला सेंट विसेंट में खेला गया जिसमें युवा स्पिनर संदीप लामिछाने ने इतिहास रच दिया। नेपाल का यह स्पिनर टी20 प्रारुप में सबसे तेज 100 विकेट चटकाने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। किंग्सटाउन के ऑर्नोस वेल ग्राउंड में खेले गए इस मैच में नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 10 विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में नेपाल 19.2 ओवर में 85 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा विकेट तंजीम हसन साकिब ने लिए। घातक गेंदबाज ने चार विकेट चटकाए।

**संदीप ने बनाया रिकॉर्ड**

इस मैच में नेपाल के घातक स्पिनर संदीप लामिछाने ने दो विकेट चटकाए। इसी के साथ उन्होंने बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया। दरअसल, टी20 फॉर्मेट में सबसे तेज 100 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 54 मैचों में यह कारनामा किया। वहीं, पहले स्थान पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान हैं। उन्होंने 53 मैचों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में एक नाम पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का भी है जिन्होंने 71 मैचों में 100 विकेट पूरे किए।

# श्रीलंका ने नीदरलैंड्स पर बड़ी जीत के साथ समाप्त किया अपना अभियान

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 83 रन से पराजित कर टी 20 विश्व कप में अपना अभियान ग्रुप डी में एकमात्र जीत के साथ समाप्त किया। डच टीम सुपर-8 में पहुंचने का सपना देख रही थी लेकिन उसे दोहरा झटका लगा। बांग्लादेश की नेपाल पर जीत और उसकी श्रीलंका के हाथों हार से नीदरलैंड्स का सपना धरा का धरा रह गया। नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर तक अपने दो विकेट 45 रन तक गंवा दिए। कुशल मेंडिस और धनंजय डिसिल्वा ने मजबूत साझेदारी की और टीम को 10 ओवर तक 74/2 पर ले गए। मेंडिस 29 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए। लेकिन इसका श्रीलंका की गति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। डीसिल्वा की तेज तर्रार बाउंड्रीज और चरित असालंका के आक्रामक स्ट्रोकप्ले से श्रीलंका ने 13वें ओवर में 100 रन पार कर लिए। टिम प्रिंगल ने 15 वें ओवर में डिसिल्वा का



विकेट लिया लेकिन फिर असालंका और एंजेलो मैथ्यूज ने महत्वपूर्ण रन जोड़े और श्रीलंका को एक बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर कर दिया। असालंका 21 गेंदों में 46 रन बनाकर 18 वें ओवर में आउट हुए। कप्तान वानिंदू हसारंगा और मैथ्यूज ने रन बटोरते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में 201/6 तक पहुंचाया। मैथ्यूज 15 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने अच्छी शुरूआत की और पावर प्ले में 47/2.रन बना लिए। लेकिन सातवें ओवर में विक्रमजीत सिंह का विकेट गिरने से डच पारी का पतन शुरू हो गया। नीदरलैंड्स ने इसके बाद पांच ओवर में पांच विकेट गंवाए और आठ ओवर शेष रहते उसका स्कोर 83/7 रन हो गया। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कुछ प्रतिरोध किया और 24 गेंदों में सर्वाधिक 31 रन बनाये लेकिन उनके 17 वें ओवर में आउट होते ही नीदरलैंड्स की बची-खुची उम्मीदों का अंत हो गया। श्रीलंका ने 17.2 ओवर में नीदरलैंड्स को 118 रन पर समेट कर बड़ी जीत के साथ विश्व कप में अपना अभियान समाप्त किया। इस ग्रुप से बांग्लादेश की टीम दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहकर सुपर आठ में पहुंच गयी।

# कप्तानी के बारे में निर्णय पीसीबी को लेना है, मुझे नहीं : बाबर आजम

**लौडरहिल।** टी 20 विश्व कप से ग्रुप चरण में पाकिस्तान के बाहर होने के बाद बाबर आजम के पाकिस्तान का कप्तान बने रहने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि बाबर ने कहा कि वह इस संबंध में वह कोई भी निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ पाकिस्तान के वर्ल्ड कप अभियान की समीक्षा के लिए होने वाली मीटिंग के बाद ही लेंगे। बाबर ने कहा, जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने खुद ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का निर्णय था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजें यहां घटित हुई हैं उनके ऊपर बोर्ड के साथ चर्चा करूंगा और अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी



घोषणा करूंगा। लेकिन अभी के लिए मैंने इस बारे में नहीं सोचा है, अंततः यह पीसीबी का निर्णय है। बाबर से जब यह पूछा गया कि क्या वह टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरूआती चरण में पाकिस्तान के बाहर होने की ज़िम्मेदारी लेते हैं? तब उन्होंने यही कहा, मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। उन्होंने कहा,जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। एक कप्तान के तौर पर मेरा दायित्व यह है कि मैं निर्णय लेने वाले लोगों को अपना फीडबैक दूं। बाबर से एक बार फिर पूछा गया कि पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन का दोष किसे दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आप किसी एक व्यक्ति पर दोष नहीं मढ़ सकते। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हर कोई हताश है। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की गलती नहीं है।

# भारत के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं हरभजन

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह भारतीय टीम के ग्रुप चरण में प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की सराहना की। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच मैदान गीला के कारण रद्द हो गया था। भारत का सामना अब सुपर आठ में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से होगा।

'हार्दिक-पंत का योगदान टीम के लिए सकारात्मक पहलू'

हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पांड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं। विश्व कप से पहले आईपीएल 2024 में हार्दिक का प्रदर्शन खराब था, लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पांड्या विकेट चटका रहे हैं। अगर आप उनके विकेटों की संख्या पर नजर डालें तो उन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। हार्दिक के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। उनकी भूमिका पूरी तरह से बदल गई। विश्व कप से पहले हम संजू सैमसन को टीम में शामिल करने के लिए कह रहे थे क्योंकि उन्होंने काफी रन बनाए थे। हरभजन ने कहा कि टीम के पास नई परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। हरभजन ने कहा, पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कराना बड़ी सकारात्मक बात है। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है। लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने न्यूयॉर्क में मुश्किल पिच पर अच्छा संघर्ष किया और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ अभियान की शुरूआत करेगा भारत भारत सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरूआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम 22 जून को बांग्लादेश और 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी।



# यूरो 2024: इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया



**गेल्सेनकिर्चेन (जर्मनी)।** इंग्लैंड ने अपने यूरो 2024 अभियान की शुरूआत जूड बेलिंगहैम के हैडर की बदौलत एरेना औफशाल्के में ग्रुप सी में सर्बिया के खिलाफ 1-0 की करीबी जीत के साथ की। इंग्लैंड ने आशाजनक शुरूआत की, विरोधियों के खिलाफ शुरूआती कब्जे का भरपूर आनंद लिया।

काइल वॉकर ने बुकायो साका को एक सटीक पास दिया, जिसका दाहिनी ओर से क्रॉस स्ट्रहिंजा पावलोविच से टकरा गया। गेंद आने वाले जूड बेलिंगहैम के पास गई, जिन्होंने इसे प्रीड्रैग राजकोविच के पास से निकालकर गोल में पहुंचा दिया।

बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा, पहले हाफ से पता चलता है कि हम किसी भी टीम के खिलाफ गोल क्यों कर सकते हैं, और दूसरे हाफ से पता चलता है कि हम किसी भी टीम के खिलाफ क्लीन शीट रख सकते हैं। हमें थोड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन हमने क्लीन शीट रखी और जब आप ऐसा करते हैं, तो आपको केवल इसकी आवश्यकता होती है मैच जीतने के लिए एक गोल करना होगा, कुल मिलाकर, हम उस प्रदर्शन से खुश होंगे।

हालाँकि इंग्लैंड नियंत्रण में दिख रहा था, सर्बिया ने यह दिखाने के लिए पर्याप्त प्रदर्शन किया था कि वे खतरा बरकरार रखे हुए हैं, और दूसरे हाफ की शुरूआत में स्थानापन्न फि लिप म्लादेनोविच व्लाहोविच के निचले क्रॉस को अंतिम टच देने के करीब थे।

ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड ने राजकोविच के हाथों में मार दिया क्योंकि इंग्लैंड ने जवाब दिया, हालांकि इसके बाद मित्रोविच को बराबरी करने से रोकने के लिए जॉर्डन पिकफोर्ड और कीरन ट्रिप्पियर के संयोजन की आवश्यकता पड़ी।

सर्बिया के स्थानापन्नों ने टीम को पुनर्जीवित किया, और डुसान टैडिच ने लुका जोविच को लगभग स्थापित कर दिया। हालाँकि, इंग्लैंड दूसरे गोल के करीब पहुंच गया जब राजकोविच ने हैरी केन के हैडर को क्रॉसबार के ऊपर से निकाल दिया। पिकफोर्ड ने व्लाहोविच के शॉट को भी देर से आगे बढ़ाया, लेकिन वह सर्बिया के लिए बराबरी का निकटतम प्रयास था।

# सुपर-8 की तैयारी करने उतरेंगे वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** टी20 विश्व कप 2024 का अंतिम ग्रुप मुकाबला मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट मैदान पर खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला मंगलवार को सुबह छह बजे खेला जाएगा। दोनों टीमें ग्रुप मुकाबलों में अपने तीनों मैच जीतकर आ रही हैं, इसलिए उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है और यह मुकाबला रोमांचक हो सकता है। दोनों टीमों की नजर आखिरी ग्रुप मुकाबला भी जीतकर सही नोट के साथ सुपर-8 में पहुंचना होगा।

**कप्तानों के बीच जंग : रोवमन पॉवेल और राशिद खान**

जनवरी 2023 के बाद से रोवमन पॉवेल वेस्टइंडीज के लिए टी20 मैचों में तीसरे सबसे अधिक रन (461) बनाने वाले बल्लेबाज हैं, हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट (163.47) अन्य दो शीर्ष बल्लेबाजों निकोलस पूरन और ब्रैंडन किंग से अधिक रहा है। इस विश्व कप के तीन मैचों में उनके नाम 105 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ.39 रन है और वह फॉर्म में वापसी को बेचैन होंगे। यह मैच उनका हो सकता है और इस मैच में रन बनाकर वह सुपर-8 मुकाबलों में मेजबान कप्तान के तौर पर बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ जाना चाहेंगे।



**क्या राशिद खान वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने फॉर्म को सुधार पाएंगे?**

वहीं अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान के नाम इस विश्व कप के तीन मैचों में छह विकेट हैं। वह बीच के ओवरों में आते हैं और विपक्षी टीम की रीढ़ ही तोड़ देते हैं। हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ आठ टी20 मैचों में सिर्फ.नौ विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज उन चार अंतर्राष्ट्रीय टीमों में से है, जिनके खिलाफ राशिद का औसत भी 20 से अधिक हो जाता है। वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए राशिद इस मैच में अपने रिकॉर्ड को सुधार सकते हैं।

**टीमें**

**वेस्टइंडीज:** रोवमन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रॉस्टन चेज, शिमरॉन हेटमायर, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेद मकॉए, अकील हुसैन, गुडाकेश मोती, शर्फेऩ रदरफोर्ड

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, मोहम्मद इशाक, अजमतउल्लाह ओमरजाई, करीम जनत, गुलबदीन नईब, नजीबउल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, नवीन उल हक, नांगेलिया खरोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूक ी, फरीद अहमद, मुजीब उर रहमान

## पीसीबी अध्यक्ष बनना चाहते हैं चाहत फतेह अली खान

**कराची।** गायक चाहत फतेह अली खान का गाना 'बद्दो बद्दी' इंटरनेट सेंसेशन बन चुका है। अब उन्होंने एक नई इच्छा जाहिर की है। चाहत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष बनना चाहते हैं ताकि वह पाकिस्तान टीम को सही रास्ते पर ला सकें। मौजूदा समय में मोहसिन नकवी पीसीबी प्रमुख हैं, जो आंतरिक मामलों के मंत्री भी हैं। चाहत चाहते हैं कि नकवी उनके लिए पीसीबी अध्यक्ष पद छोड़ दें क्योंकि नकवी के पास पहले से ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों हैं। चाहत का यह बयान बाबर आजम की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम के मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद आया है। चाहत ने कहा- मैं पीसीबी और क्रिकेट टीम को सही रास्ते पर लाने के लिए तैयार हूं।

## नीदरलैंड्स के साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** टी 20 विश्व कप में श्रीलंका के हाथों 83 रन की हार के साथ नीदरलैंड्स का अभियान समाप्त होने के कुछ देर बाद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बयान में यह जानकारी दी।

साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट 1988 में दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में जन्मे थे। उन्होंने नीदरलैंड्स के लिए अपना अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण 35 साल की उम्र में 2023 में किया था। वह 2008 में पुरुष अंडर 19 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेले थे जहां उन्होंने जोंटी रोड्स शैली में युवा विराट कोहली का बेहतरीन अंदाज में कैच लपका था। उस टूनार्मेंट के बाद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 2008/09 से 2015/16 तक केप कोबरास का और वेस्टर्न प्रोविंस (2009/10 से 2016/17 तक ) का दक्षिण अफ्रीका घरेलू सर्किट में तीनों फॉर्मेट में प्रतिनिधित्व किया था। जब नीदरलैंड्स ने भारत में पिछले वर्ष वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का चयन किया गया था। वह टूनार्मेंट में टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने आठ पारियों में दो अर्धशतकों की मदद से 300 रन जुटाए। मौजूदा टी 20 विश्व कप में साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने चार पारियों में 98 रन बनाये और नीदरलैंड्स के शीर्ष स्कोरर रहे।



# मुख्य कोच बनने की चर्चा के बीच गौतम गंभीर ने अमित शाह से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर के राहुल द्रविड़ की जगह भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने की चर्चा काफी तेज है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कुछ दिनों पहले कोच पद के लिए आवेदन मंगाए थे जिसकी अंतिम तिथि निकल चुकी है। हालांकि, अब तक मुख्य कोच का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर का नाम लगभग तय है। इस बीच गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की जिससे एक बार फिर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।

**भाजपा के लोकसभा सांसद रह चुके हैं गंभीर**

गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है। संभवतः इसी कारण इस बारे उन्हें टिकट नहीं दिया गया था। गंभीर ने सोशल मीडिया पर अमित शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा।

**क्या गंभीर की नियुक्ति महज औपचारिकता?**

गंभीर टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है। बीसीसीआई से जुड़े लोगों का मानना है कि गंभीर की नियुक्ति महज एक औपचारिकता है क्योंकि दिल्ली के इस खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए कोई उपयुक्त भारतीय उम्मीदवार मौजूद नहीं है।

**मेंटर के तौर पर सफल रहा है कार्यकाल**

गौतम गंभीर आईपीएल में अपनी कप्तानी में दो बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इस टूनार्मेंट का खिताब दिला चुके हैं। आईपीएल 2024 सीजन से पहले केकेआर ने उन्हें टीम के मेंटर के रूप में एक बार फिर जोड़ा और उनकी देख-रेख में केकेआर ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर तीसरी बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती। केकेआर ने इस तरह 10 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था। केकेआर की खिताबी जीत के बाद गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाने की मांग और बढ़ गई थी। गंभीर ने हाल ही में दुबई में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय टीम का कोच बनने की इच्छा जताई थी।

# नीरज चोपड़ा फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में हिस्सा लेंगे



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारत के नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल गोल्ड टूर 2024- पावो नूरमी गेम्स में हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन 18 जून को फिनलैंड के पावों नूरमी स्टेडियम, तुर्कू, में होगा।

चोपड़ा हाल में पिछली 28 मई को चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक मीट में नहीं उतरे थे क्योंकि वह हल्की चोट से उबर रहे थे ताकि ओलंपिक वर्ष में उनकी चोट और ज्यादा न बढ़ जाए।

पावो नूरमी गेम्स में नीरज को जर्मनी के मैक्स देहनिंग से चुनौती मिलेगी जो 90 मीटर क्लब के सबसे युवा सदस्य हैं और सत्र में अग्रणी चल रहे हैं।

नीरज चोपड़ा तुर्कू में लौटेंगे जहां वह 2022 में 89.30 मीटर की थ्रो के साथ उपविजेता रहे थे जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलेंडर उस संस्करण में विजेता रहे थे।

# स्वर्गीय शकुंतला देवी का पार्थिव शरीर पंच तत्वों में विलीन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को बीजेपी नेता वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों की माता जी शकुंतला देवी का निधन हो गया। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की माता जी के निधन का समाचार मिलते ही शोक व्यक्त करने समाज के गणमान्य लोग उनके अग्रसेन बाजार स्थित पुराने आवास पर पहुंचे। स्वर्गीय शकुंतला देवी का अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थली पर किया गया। स्वर्गीय शकुंतला देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। उनके निधन पर समाज के सभी वर्गों के लोगो ने शोक व्यक्त किया और दुख की इस घड़ी में खादी वालों के परिवार के साथ खड़े दिखाई दिए।

# बकरीद पर अकीदतमंदों ने मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** सोमवार को बेगमाबाद स्थित बड़ी मस्जिद में ईद उल-जुहा बकरीद की नमाज बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी में अदा की गई। अकीदतमदों ने ईदगाह के विशाल प्रांगण में मुल्क के अमनो अमान व तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगा कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी और घर-घर कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय के साथ भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर संभाले हुए था। बकरीद की नमाज के बाद मुस्लिम कालोनियों में पशुओं की कुबार्नी दी गई। मस्जिदों में अलग-अलग समय में नमाज पढ़ी गई। सुबह नौ बजे तक नमाज पढ़ने का सिलसिला चला। सफेद पायजामा, जालीदार टोपी पहनकर सड़कों पर निकले बच्चों ने भी सज धजकर अपने मौहल्लों में टोलियों के साथ मस्ती की। नगर पालिका की ओर से भी ईद पर पर्याप्त इंतजामात किये गये थे।



### पुलिस की कड़ी चौकसी रही

सोमवार को तहसील क्षेत्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाजियों ने मस्जिदों में नमाज पढ़ी। ईदगाहों व मस्जिदों के बाहर पुलिस मुस्तैद रही। क्षेत्र की अधिकतर मस्जिदों पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# भारतीय पैरा पावर लिफ्टिंग टीम टिबलिसी वर्ल्ड कप के लिए तैयार

**गाजियबाद,करंट क्राइम।** भारत की पैरा पावर लिफ्टिंग टीम एक बार फिर से टिबलिसी वर्ल्ड कप 2024 में अपनी धाक जमाने के लिए तैयार है। टीम का नेतृत्व जितेंद्र पाल सिंह, पैरा पावर लिफ्टिंग अध्यक्ष एवं डॉ. ऋचा सूद, तथा कोच राजेंद्र सिंह रहेलू कर रहे हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता वर्ल्ड पैरा पावर लिफ्टिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा जॉर्जिया के टिबलिसी शहर में 20 जून से 26 जून के बीच आयोजित की जाएगी।

भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ी अशोक मलिक, राजामणि कस्तूरी, मनप्रीत, सकीना खातून और राजकुमारी पूरी तैयारी के साथ इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक आखिरी अवसर होगा। भारत की चार महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगी। टीम के कोच एवं अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह और नेतृत्व ऋचा सूद और कोच राजेंद्र सिंह रहेलू एवं अमित के अनुभव और मार्गदर्शन से टीम जोश से भरपूर है।







### पैंठ बाजार वालों से पर टेबिल और ढीये वाले से फ्री में वेजीटेबल

जो कहते थे कि ना खायेगें ना खाने देगें वो अब कमायेगें और कमाने देगें की नीति पर काम कर रहे हैं। इकला तो चलो झूठ बोलेगा लेकिन पूरा मौहल्ला थोड़ी ना झूठ बोलेगा। वैसे फूल वालों का पैंठ बाजार की टेबल से पुराना नाता है जब पैंठ बाजार को बसाने की बात थी तो पर टेबल के हिसाब से सैटल करने वाला आडियो एक फूल वाले लीडर का ही वायरल हुया था। वो तब की बात थी और अब तो खुला खेल फरूखाबादी चल रहा है बस कोई बोल नही रहा है। किस्सा फ्लावर वाली मेंबर को लेकर चला तो बताने वाले ने बताया कि ऐसा है कि पैंठ बाजार में हिस्सा पर टेबल के हिसाब से हैं लेकिन डेली का ठिया है तो फूल वालों को फ्री में वेजीटेबल चाहिये। वेजीटेबिल वाले की जुबान खुली तो उसने बताया कि कार में बैठकर सरकार वाली मेंबर मैडम एकदम फ्रेश वेजीटेबल लेती हैं और दाम चुकाने की बेला में उनका स्वर थोड़ा सख्त हो जाता है। वो ठिये वाले तख्त पर एक नजर डालती है और कहती है कि तुझसे तो किसी दिन हिसाब करना है ये वाले तेवर देखकर वो गरीब सब्जी वाला खामोश हो जाता है क्योंकि उसे पता है कि अगर फूल वालों की मेहरबानी से उसका ठिया उजड़ने लगा तो हिमायत में कांग्रेस की डॉली शर्मा से लेकर सपा के विशाल वर्मा तक कोई आवाज भी उठाने नही आयेगा।

### पाल को गनर गोपाल को गनर बस विधायकों के लिये ही रूल

लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद यूपी में सीन भगवा फजीते वाला हुया तो ये लग रहा था कि फकीर जी अब बाबा को टाईट करेगें लेकिन यहां तो कहानी एकदम अफसरी मस्तानी वाली चल रही है। सरकार वाला विधायक कहता ही रह गया लेकिन अफसर पर कोई फर्क नही पड़ा। कहने वाले ने कहा कि फोर्स के मालिक वो हैं और सोर्स विधायक जी को लगानी है। सोर्स भी ऐसी जिसे फोर्स वाले अफसर ऑफकोर्स मान लें। अर्जी विधायकों की हैं और मर्जी अफसर की है कि दे ना दें। अर्जी में दम हो ना हो लेकिन मर्जी में फुल दम हैं तभी तो विधायकों के लिये रूल हैं और बाकी के लिये सीन कूल हैं। बैंक वाले पाल के लिये गनर हैं तो नहरवाले गोपाल के लिये भी गनर है। भगवा कमांडर को भी चाय पिलाई जा सकती हैं लेकिन सरकार वाले विधायकों को पालिटिक्स पालिटिक्स खेलना वो सिखा रहे हैं। उनके जाने के बाद विधायक कितना दम्भ भर लें मगर अफसर का क्या है वो तो कुम्भ मेला का प्रभारी बन कर रवानगी दर्ज करा लेगें

### हैवीवेट वाले स्टोन पर चलाओ ये घन फिर कई दिन दुखेगा तन

वैसे तो सोसाईटी वाली भगवा मैडम और सोसाईटी के रेजीडेंट के बीच का मामला था और डेंट पड़ा पूर्व मेयर के स्टोन पर। हथौड़ा भी चला ,वीडियो भी बनी और सीन थाने वाला भी हो गया। सोसाइटी के फूल सपोर्टर ने ही कहा कि अगर इतना ही घन में दम हैं तो एक बार हैवीवेट वाले स्टोन पर भी वो घन चला कर देखें मेरा दावा है कि फिर कभी मन ऐसा करने के लिये नही ढुकेगा और घन के बाद कई दिन तक तन भी दुखेगा

### महिला की मौत पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**मुरादनग,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। केन्द्र प्रभारी लापरवाही की बात से इंकार कर रहे हैं। गांव नेकपुर निवासी कलाम परिवार सहित रहते हैं। कुछ दिन पहले उनकी पत्नी शहराना ने गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। एक सप्ताह के अंदर दोनों बच्चों की मौत हो गई और महिला की हालत भी खराब रहने लगी। महिला को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। महिला की हालत सोमवार सुबह अचानक बिगड़ गई और मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि महिला गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती थी। हालात बिगड़ने पर महिला को दिल्ली के लिए रेफर किया गया था लेकिन परिजनों ने महिला को मुरादनगर भर्ती कर दिया।




### जब ऑन ड्यूटी थे एडीसीपी तो मीटिंग से क्यों आउट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों बकरीद की सुरक्षा व्यवस्था वाली बैठक हुई थी। बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में तमाम अधिकारी बुलाए गए थे लेकिन कमिश्नरेट सिस्टम के सभी एडीसीपी इस मीटिंग से आउट रहे थे। अब उनको बुलाया नहीं गया या कोई और वजह थी जो मीटिंग से दूरी बनाई गई इसकी चर्चा हो रही है। वहीं सोमवार को बकरीद के त्यौहार के मौके पर कमिश्नरेट सिस्टम वाले एडीसीपी साहब लोग ऑन ड्यूटी देखे गए हैं। उनकी कई फोटो भी सामने आई हैं। जिसमें सभी बेहद कूल नजर आ रहे हैं। जिसके बाद सवाल उठ रहा है कि आखिर जब यह अधिकारी ऑन ड्यूटी रखें जाने थे तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाली मीटिंग में इन्हें आउट क्यों किया गया था। सूत्र बताते हैं कि इन दिनों कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एडीसीपी स्तर के अधिकारियों की तनातनी वाली स्थिति बनी हुई है। जिसकी वजह से कुछ लोग मीटिंग से आउट किए गए बताया जाता है। इस बात को लेकर मीटिंग वाली रात ही डाउट हुआ था कि आखिर एडीसीपी स्तर के अधिकारियों की गैर मौजूदगी क्यों है। सूत्र बताते हैं कि भले मीटिंग में जो चेहरे आउट थे, उनको बकरीद ड्यूटी में लगाया गया हो पर सवाल उठता है कि ऐसी क्या वजह थी जो इन अधिकारियों की दूरी मीटिंग में बनाई गई। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक एडीसीपी स्तर के अधिकारी को लेकर कई चर्चा सुनने को मिली है, पर दो अन्य को ना बुलाया जाना भी सवाल खड़े कर रहा है। वैसे कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों एक चर्चा सुनाई दे रही है कि आईपीएस तबादला लिस्ट का कमिश्नरेट के जनपदों पर भी असर होने वाला है। कहा जा रहा था कि बकरीद की कुबार्नी के बाद तबादला एक्सप्रेस रफ्तार पकड़ेगी। उधर लखनऊ मुख्यालय वाले सूत्र बता रहे हैं कि 22 जून से पहले कुछ परिवर्तन वाला मामला बाहर आ सकता है। इन सबके बीच जानकारी यह है कि महाराज जी के एक भरोसेमंद अधिकारी जल्द ही उनकी वर्किंग टीम का पुनः हिस्सा बनेंगे। बताया जा रहा है जिसके बाद पश्चिम के कई जिलों व कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद व आसपास को लेकर भी आने वाले दिनों में कई तरीके के बड़े और बदलाव वाली सूचनाओं बाहर आने की संभावना प्रबल बनी हुई है। वैसे एडीसीपी स्तर को लेकर मामले की चर्चा साहब लोगों तक बनी हुई है।




# श्री श्याम मित्र मंडल का 22 वां महोत्सव आज से

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** श्री श्याम मित्र मंडल मोदीनगर की तरफ से एक प्रेसवार्ता का आयोजन स्थानीय कार्यालय पर किया गया। जिसमें श्री श्याम मित्र मंडल का 22 वां एवं श्री खाटू श्याम मंदिर मोदीनगर का 14 वां वार्षिक महोत्सव के आयोजन की जानकारी दी गयी। संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश जाधव ने पत्रकारों को बताया कि स्थानीय महेन्द्रपुरी- सी लाइन स्थित बाबा खाटू श्याम तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव हर वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी एवं त्रयोदशी को मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम 18, 19 एवं 20 जून तक आज से शुरू होगा।18 जून को एकादशी संकीर्तन होगा,19 जून, द्वादशी को सुबह बाबा श्याम को भोग लगेगा तत्पश्चात सायं कालीन समय में एक भव्य निशान यात्रा एवं शोभायात्रा स्थानीय मोदी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर मोदीनगर पर पहुंचेगी जिसमें बाबा श्याम के 1100 निशान सभी भक्त मिलकर बाबा श्याम को अर्पण करेंगे। जिसमें बाबा श्याम साक्षात अपने आलोकित रथ पर बैठकर नगर भ्रमण करते हुए सभी भक्तों को दर्शन देंगे । इस यात्रा में लगभग चार से पांच हजार श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। तत्पश्चात 20 जून त्रयोदशी को प्रातः बेल में महायज्ञ होगा, उसके पश्यात बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन रात्रिकालीन संध्या में खाटू श्याम मंदिर मोदीनगर में होगा। जयपुर से श्याम भजन सम्राट अभिषेक नामा श्याम दरबार सूरजगढ़ से भगत हजारी लाल सैनी, भजन गायक संजय सेन, प्रदीप सैनी एवं रेवाड़ी हरियाणा से मनीषा शर्मा रहेंगी। दिल्ली से संगीत की ध्वनि के साथ विक्की म्यूजिकल ग्रुप शिरकत करेंगे। ओम प्रकाश जाधव ने बताया कि बाबा श्याम के वार्षिक महोत्सव में बाबा का विशेष श्रृंगार सेवा एवं पूजन होगा, बाबा श्याम का श्रृंगार कोलकाता के फूलों से किया जाएगा।

# यज्ञ साधना उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ स्थापना दिवस समारोह

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मथुरा वृंदावन राधा गोविंद निकेतन सूरज घाट परिक्रमा मार्ग विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में आश्रम का 11वा स्थापना दिवस समारोह यज्ञ, साधना और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इसमें महिला और चरित्र निर्माण सम्मेलन भी आयोजित हुए। अध्यक्षता आश्रम के अधिष्ठाता विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक मुकेश गोस्वामी ने की। कार्यक्रम का संचालन राहुल गोस्वामी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने किया। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के मुख्य अतिथि ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव व भजनोपदेशक शामिल रहे। सभी ने आश्रम के कार्यो की प्रशसा की। इस कार्यक्रम में ऋग्वेद वृहद यज्ञ का अनुष्ठान हुआ। इस उत्सव में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा की महिला शक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव के नेतृत्व में महिला जागृति सम्मेलन और चरित्र निर्माण सम्मेलन सफलता पूर्वक हुआ। इस अवसर पर श्रीमती रीता शर्मा, शैलजा शर्मा, सुनीता शर्मा, षजन शर्मा, स्वाति शर्मा नव्या, मिस्टी आदि विप्र बंधु मौजूद थे।

### युवक के खाते से निकाले 24 हजार रुपए

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की जीतपुर कॉलोनी निवासी एक युवक से जानकारी लेकर बैंक खाते से 24 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार परिवार सहित रहते हैं। उन्होने बताया कि मेरे पास एक व्यक्ति का फोन आया ,जो अपने आप को बैंक अधिकारी बता रहा था। उसने मेरे खातों की पूरी जानकारी ले ली। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों ने मेरे दो बैंक खातों से 24800 रुपए काट लिए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला साइबर सेल भेज दिया है।

# डासना ईदगाह में लोगों ने नमाज में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**डासना,करंट क्राइम।** ईद अल-अजहा के पावन पर्व को लेकर पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया तो वहीं कुर्बानी का सिलसिला भी जारी रहा। सुबह उठकर लोगों ने नए कपड़े पहनकर सर पर टोपी और हाथ में मुसल्ला लिए इदगाह की नमाज पढ़ने के लिए जाते नजर आए। डासना की एक पुरानी व बड़ी ईदगाह है जिसमें आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की तो तो वहीं शिद्दत भरी गर्मी में लोगों ने ईदगाह में नमाज पढ़ने के लिए जाना नहीं छोड़ा और ईदगाह नमाजियों से पूरी भर गई। लोगों को ईदगाह में नमाज पढ़ने की जगह नहीं मिली तो ईदगाह से बाहर भी लोगों ने नमाज पढ़ी तो वहीं आसपास की क्षेत्र में दरगाह व मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की और लोगों ने इदगाह के लिए भारी संख्या में दान पुण्य भी किया। ईद की नमाज को लेकर प्रशासन की ओर से इंतजाम किये गए। शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अजहा की नमाज संपन्न हुई। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल भी रहा मौजूद। नमाज के बाद लोगों ने पूरी दुनिया में शांति कायम रहे इसके लिए दुआ की और नमाज पढ़ने के बाद लोग अपने मरहूम परिवार के लोगों के लिए कब्रिस्तान पहुंचे और उनके लिए मगफिरत की दुआ की। घर पहुंच कर लोगों ने मुस्लिम रीति रिवाज के साथ कुर्बानियां की।







### एक्सप्रेस- वे पर हुए सड़क हादसे का राज अब सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी पर हुए सड़क हादसे की जांच के लिए पुलिस ने एनएचएआई से सीसीटीवी फुटेज मांगी है। सीसीटीवी फुटेज के आने के बाद ही क्लीयर होगा कि हादसा कैसे हुआ था। हादसे में घायल हुए दो लोगों की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। ट्रक चालक को नीद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ था। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास शनिवार रात सवा बजे के आसपास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खडे कैंटर में टक्कर मार दी थी।

इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी और 22 लोग घायल हुए थे। हालत गंभीर होने पर सात घायलों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जीटीबी अस्पताल में भर्ती दो लोगों की हालात बेहद गंभीर बनी हुई है।

अन्य घायलों का गाजियाबाद के अस्पताल में भी इलाज चल रहा है। मुरादनगर पुलिस ने एनएचएआई से एक्सप्रेस वे की सीसीटीवी फुटेज मांगी है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद ही पता चलेगा कि हादसा कैसे हुआ है।

# 5वीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** 5वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा ने आपबीती अपनी मां को बताई तो परिजनों ने मोदीनगर थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोदीनगर इलाके के एक गांव में पूरा परिवार रहता है। उनकी नौ साल की पुत्री कक्षा पांच की छात्रा है। काफी समय से उनकी पुत्री गुमशुम सी रहने लगी, वह कम खाना खा रहा थी और हर समय अकेले ही रहती थी। कई दिन से परिजन छात्रा पर नजर रख रहे थे। इतना ही नहीं छात्रा अकेले में रोती भी थी। मां ने छात्रा से जब गुमशुम रहने का कारण पूछा तो वह रो पड़ी। छात्रा ने अपनी मां को बताया कि 10 दिन पहले पड़ोस में रहने वाले अंकल मुझे अपने घर ले गए। उन्होंने मेरे कपड़ उतार दिए और अश्लील हरकत की। उन्होंने धमकी दी कि यदि यह बात किसी को बताई तो जान से मार दूंगा। पूरी घटना सुनने के बाद परिजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बच्ची का मेडिकल करा दिया गया है। जल्द ही उसके मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे, और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# गर्मी व उमस से त्रस्त मरीजों की अस्पतालों में भीड़

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गर्मी व उमस बढ़ने से स्वास्थ्य केन्द्र व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है, जबकि तहसील क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। उन्हें घंटों लाइन में लगने के बाद भी दवा का अभाव झेलना पड़ रहा है। मरीज पर्चा बनवाने के बाद भी इधर-उधर भटकते रहते हैं। मानसून की बारिश नहीं होने से गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं। इसकी सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए भी मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कई मरीजों को बिना डाक्टर के दिखाए ही लौटना पड़ा, क्योंकि चिकित्सक बैठे ही नहीं थे। इसका मुख्य चिकित्सकों की कमी व डाक्टरों का ट्रांसफर होना बताया जा रहा है। डॉ0 राजीव त्यागी कहते हैं कि गर्मी और उमस के कारण रोगी बढ़े हैं। बुखार, उल्टी, दस्त, सिर दर्द के सबसे ज्यादा रोगी आ रहे हैं। रोजाना 150 से अधिक मरीज ओपीडी में दिखा रहे हैं। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र के चिकित्सक ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन मरीज पंहुच रहे हैं।

# आईटीएस में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर संकाय विकास कार्यक्रम हुआ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एक सप्ताह का रिसर्च मेथोडोलॉजी व फंडामेंटल्स पर ऑनलाइन (एफडीपी) संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान व नवीनतम विकास के साथ लगातार अपडेट रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पेशेवर लोगों के लिए निरंतर सीखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विभिन्न विषयों पर अलग अलग दिन प्रख्यात रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर मोहम्मद नावेद खान, डॉ. धवल मेहतो, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. पवन कुमार ने विस्तार से जानकारी दी। एफडीपी में 46 संस्थानों के 120 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डा. आर पी चड्ढा ने सभी को प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रसन्नता जाहिर की। अपने समापन भाषण में संस्थान की निदेशक प्रो. डॉ. तिमिरा शुक्ला ने सभी को बधाई दी और प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी और एफडीपी की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।




# नेपाल के पूर्व पीएम माधव कुमार ने कहा- भारत एक विश्वसनीय भागीदार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल ने रविवार को कहा कि नेपाल के विकास और समृद्धि के लिए भारत एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सफल चुनाव कराने के लिए प्रधा मंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को बधाई दी। भारत-नेपाल मैत्री और आर्थिक सहयोग विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माधव नेपाल ने यह भी कहा कि भारत और नेपाल को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से लड़ने के लिए एक साथ खड़े होना चाहिए।

**भारत को हरित ऊर्जा का समाधान दे सकता है नेपाल :** माधव नेपाल ने कहा कि नेपाल अपने प्रचुर जलविद्युत संसाधनों के माध्यम से भारत के लिए हरित ऊर्जा का समाधान कर सकता है। माधव नेपाल सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष हैं।

### हमको पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेपाल के पर्यटन और संस्कृति मंत्री हित बहादुर तमांग ने कहा कि नेपाल केवल भारत और बांग्लादेश को जलविद्युत निर्यात करके अपने व्यापार घाटे को कम नहीं कर सकता है और इसके लिए हमको पर्यटन को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, नेपाल में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों को लाने के लिए तीर्थयात्रा वाले पर्यटन स्थल प्रमुख आकर्षण का केंद्र हैं। नेपाली पर्यटन मंत्री ने यह भी कहा कि नेपाल गर्मियों के दौरान गर्म क्षेत्रों में रहने वाले भारतीय पर्यटकों को हिमालयी राष्ट्र के ठंडे हिल स्टेशनों की ओर आकर्षित कर सकता है।

# गाजा के लोग युद्ध के साए में बकरीद मनाने को बेबस, बोले- त्योहार की कोई खुशी नहीं

**गाजा।** चिलचिलाती गर्मी और मस्जिद के बाहर हो रही बमबारी के बीच गाजा के लोगों ने रविवार को ईद-उल-अजहा को मनाने की शुरूआत की। लेकिन इस्राइल-हमास युद्ध के चलते यहां कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है।

### हमें कोई खुशी नहीं, हमको लूट लिया गया

दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक तंबू में रहने वाली 57 वर्षीय विस्थापित महिला मलाकिया सलमान ने कहा, त्योहार की कोई खुशी नहीं है। हमको लूट लिया गया है। सलमान ने कहा कि माता-पिता उत्सव में बच्चों को नए कपड़े और पैसे भी उपहार में देते हैं। लेकिन इस साल, आठ महीने से अधिक समय तक विनाशकारी इस्राइल अभियान के बाद, जिसने गाजा के अधिकांश हिस्से को तबाह कर दिया है, घिरे हुए क्षेत्र के



2.4 मिलियन लोगों में से अधिकांश को विस्थापित कर दिया है और बार-बार अकाल की चेतावनी दी है, ईद कई लोगों के लिए दुख का दिन है।

### 'भुखमरी के कगार पर आ गए हैं'

सलमान ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि दुनिया युद्ध खत्म करने का दबाव बनाएगी, क्योंकि हम सचमुच मर रहे हैं और हमारे बच्चे टूट गए हैं।

सलमान ने बताया कि इस त्योहार में माता-पिता उत्सव में बच्चों को नए कपड़े और पैसे भी उपहार में देंगे। लेकिन इस साल, आठ महीने से अधिक समय तक विनाशकारी इजरायली अभियान के बाद, जिसने गाजा के अधिकांश हिस्से को तबाह कर दिया है। इसके कारण क्षेत्र के 2.4 मिलियन लोगों में से अधिकांश विस्थापित हो गए हैं और बार-बार भूखमरी की चेतावनी दी जा रही है।



इसलिए ईद कई लोगों के लिए दुख का दिन है।

दुनिया भर के मुसलमानों की तरह गाजा के लोग भी भेड़ों मारकर उसकी कुबार्नी देते हैं। फिर मांस को गरीबों में बांट दिया जाता है। इसे बलिदान के त्योहार के तौर पर मनाया जाता है।

**संयुक्त राष्ट्र संघ दे चुका है चेतावनी :** संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने शनिवार को चेतावनी दी है कि लेबनान की दक्षिण सीमा पर गलत आकलन करना बहुत घातक हो सकता है। जिससे हिजबुल्ला और इस्राइल सेना के बीच भयंकर युद्ध की संभावना है।

लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस-प्लास्चर्ट और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के प्रमुख अरोल्डो लाजारो ने कहा कि वे लेबनान की सीमा पर को लेकर काफी चिंतित हैं।



### अमेरिका में भारतवंशी डॉ. बरई की दो टूक

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय

**शिकागो :** भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई ने पार्टी के सदस्यों से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?

उन्होंने कहा, अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सिर्फ 292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?

डॉ. बरई ने कहा, इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के संस्थापकों का विचार था कि यह भारत माता की सेवा करनेवाली पार्टी होगी और इसमें मित्रों तथा परिवार वालों को उच्च पदों पर नियुक्त करने, निगमों से धन अर्जित करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसे काम नहीं होंगे।

डॉ. बरई ने कार्यक्रम में कहा, अगर भाजपा या कोई भी पार्टी ऐसा करती है तो वह भ्रष्ट और सांप्रदायिक कांग्रेस पार्टी से अलग नहीं है। दुर्भाग्य की बात है कि निचले स्तर पर भ्रष्टाचार अब भी जारी है। हालांकि, आप मोदी या उनके मंत्रियों को भ्रष्ट नहीं कह सकते, लेकिन आरोप हैं और मुझे नहीं पता कि उनमें सच्चाई है या नहीं।

उन्होंने कहा, इस बात पर जोर देना जरूरी है कि भाजपा एक अलग पार्टी है जिसके लिए सत्ता का मतलब लोगों की सेवा करना है।

इस कार्यक्रम में शिकागो क्षेत्र और उसके आस-पास के भारतीय अमेरिकी ने भाग लिया।

# राष्ट्र विरोधी अभियानों में शामिल लोगों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : शहबाज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से राज्य विरोधी गतिविधियों और प्रचार को रोकने का आग्रह किया गया है। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सरकार ने चेतावनी दी है कि मित्र देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर चलाए गए राष्ट्र विरोधी अभियानों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट्र है, उसे किसी अन्य राष्ट्र से आदेश लेने की जरूरत नहीं है। हम सभी राष्ट्र के साथ मैत्रीपूर्ण



संबंध रखना चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामी अभियान चलाया गया। इसने पाकिस्तान विरोध प्रचार को बढ़ावा दिया है।

### अकील मलिक ने पीटीआई को घेरा

मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने विदेशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान चलाने के लिए पीआर फार्म और पैरवी करने वालों को काम पर लगाया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि मित्र देशों के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर चलाए गए राष्ट्र विरोधी अभियानों में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कदम उठाया जाएगा। कानूनी मामलों के प्रवक्ता ने पीटीआई से राज्य विरोधी गतिविधियों और प्रचार को रोकने का आग्रह किया।

# भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होंगी आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां

**मेड्रिट।** भारतीय नौसेना स्पेन में ह्यप्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)ह्ल के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निमार्ता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।

### भारत के साथ अनुबंध पर होंगे हस्ताक्षर

नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना



के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना काटार्जेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरूआत करेगी।

**नौसेना के बेड़े में शामिल होंगी छह पनडुब्बियां :** रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी। आगे बताया गया कि भारतीय नौसेना एआईपी तकनीक से सुसज्जित छह पनडुब्बियों का अधिग्रहण करेगी। इस तकनीक की मदद से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं। भारतीय नौसेना के पास इससे पहले एआईपी सिस्टम वाली पनडुब्बियां नहीं थीं। करीब 60 हजार करोड़ की इस परियोजना में एल एंड टी और नवंतिया के साथ जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड भी शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीस ने चीनी पीएम ली कियांग से की मुलाकात

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कैनबरा में चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की। अल्बनीस के साथ अपनी बातचीत को स्पष्ट, गहन



और सार्थक करार देते हुए ली ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के बीच कुछ मतभेदों और असहमतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और उनपर आगे काम करने पर सहमति व्यक्त की।

**हेंगजुन की तबियत सही नहीं :** इससे पहले, यांग हेंगजुन के समर्थकों ने प्रधानमंत्री अल्बनीस से अनुरोध किया था कि वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से बीमार चल रहे लेखक को मेडिकल पैरोल पर रिहा करने या उन्हें ऑस्ट्रेलिया को सौंपने के लिए कहें। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई नागरिक, लेखक और लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता यांग हेंगजुन जासूसी के आरोप में 2019 से ही चीन की जेल में बंद हैं। हालांकि, हेंगजुन अपने ऊपर लगे आरोपों को शुरू से ही नकारते आ रहे हैं।

वार्षिक बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर बात हुई। हालांकि अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि हेंगजुन को रिहा करने के मुद्दे पर बात हुई या नहीं। मगर माना जा रहा है कि दोनों के बीच इस पर चर्चा हुई होगी। सात साल बाद चीन का कोई प्रधानमंत्री आस्ट्रेलिया की यात्रा पर आया है। बैठक के बाद ली कियांग ने कहा कि दोनों पक्ष उच्च स्तरीय आदान-प्रदान बनाए रखने और दोनों देशों के बीच सरकारी विभागों और राजनीतिक दलों के बीच आदान-प्रदान को मजबूत करने पर सहमत हुए।

# सऊदी अरब में हज की रस्में अदा करने के दौरान 14 तीर्थयात्रियों की मौत, 17 हुए लापता

**अम्मान।** जॉर्डन ने कहा कि सऊदी अरब में हज की रस्में अदा करने के दौरान 14 नागरिकों की मौत हो गई और 17 अन्य लापता हो गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सूफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन मृतकों को दफनाने या उनके परिवारों के अनुरोध पर उनके घर वापसी के लिए सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क में है। बयान के अनुसार, सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश कर रहे हैं।

बयान में न तो घटना की विस्तृत जानकारी दी गई और न ही इसके कारण का खुलासा किया गया, लेकिन जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया कि हज यात्रा के दौरान जॉर्डन के छह नागिरकों की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई।



**लापता तीर्थयात्रियों की तलाश :** बयान के अनुसार, सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश में लगे हुए हैं। घटना की विस्तृत जानकारी या कारण का खुलासा नहीं किया गया है। इससे एक दिन पहले हीट स्ट्रोक से जॉर्डन के छह नागरिकों की मौत की खबर आई थी।

**ईरान ने भी खिलाड़ियों की जानकारी दी :** ईरानी रेड क्रिसेंट के प्रमुख पिरहोसैन कूलिवंद ने कहा कि इस साल हज के दौरान मक्का और मदीना में पांच ईरानी तीर्थयात्रियों की जान चली गई है। हालाँकि, मौत का कारण उन्होंने नहीं बताया।

**हजः दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक सभा –** हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और सभी मुसलमानों के लिए इसे कम से कम एक बार करना आवश्यक है। इस साल लगभग 1.8 मिलियन मुसलमान हज में भाग ले रहे हैं, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर जा रहा है। ज्यादातर अनुष्ठान बाहर और पैदल होते हैं, जो विशेषकर बुजुर्गों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**मौतों पर अभी भी इन देशों को संदेह :** पहले तो विदेश मंत्रालय के बयान में न तो घटना की विस्तृत जानकारी दी गई थी और ना ही इसके कारण का खुलासा किया गया था, लेकिन जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया कि हज यात्रा के दौरान जॉर्डन के छह नागरिकों की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई थी। जिसके बाद इन मौतों की भी पुष्टि की गई थी। सऊदी अरब में लाखों की संख्या में हज यात्री मक्का हज के लिए जाते हैं।

# इस्राइली सेना के हर दिन 11 घंटे युद्धविराम पर रार, आगबबूला हुए नेतन्याहू



**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच खबर सामने आ रही है कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी सेना से नाराज हो गए हैं। दरअसल, सेना ने हाल ही में फैसला लिया था कि फलस्तीनी क्षेत्र में सहायता पहुंचाने के लिए गाजा की मुख्य सड़कों में से एक पर लड़ाई में प्रतिदिन रणनीतिक विराम लगाया जाएगा। इस कदम को लेकर ही पीएम नेतन्याहू भड़क गए और सेना की आलोचना की।

### सेना ने यह उठाया कदम

सेना ने केरेम शालोम क्रॉसिंग से सलाह अल-दीन रोड और फिर उत्तर की ओर के क्षेत्र में हर दिन सुबह पांच बजे से शाम को चार बजे तक कोई भी हमला नहीं करने का एलान किया था।

**आगबूबला हुए पीएम :** एक अधिकारी ने बताया कि जब प्रधनामंत्री को इस बात का पता चला कि हर दिन 11 घंटे का युद्ध पर विराम रहेगा तो वह आग बबूला हो गए।




उन्होंने तुरंत सेना के सचिव से बात की और स्पष्ट किया कि यह कदम वह स्वीकार्य नहीं करेंगे।

**नया संघर्ष छिड़ता दिख रहा :** युद्ध विराम को लेकर गठबंधन के सदस्यों और सेना के बीच नया संघर्ष छिड़ता दिख रहा है। इससे एक सप्ताह पहले मध्यमार्गी पूर्व जनरल बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू पर गाजा में कोई प्रभावी रणनीति नहीं होने का आरोप लगाते हुए सरकार का साथ छोड़ दिया था।

**यहूदियों को सेना में भर्ती करने पर मतभेद :** पिछले सप्ताह संसद में अति-रूढ़िवादी यहूदियों को सेना में भर्ती करने संबंधी कानून पर हुए मतदान में मतभेद उजागर हो गए, जब रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने पार्टी के आदेशों की अवहेलना करते हुए इसके खिलाफ मतदान किया और कहा कि यह कानून सेना की जरूरतों के लिए अपर्याप्त है।

गठबंधन में शामिल धार्मिक दलों ने अति-रूढ़िवादी लोगों के लिए भर्ती का कड़ा विरोध किया है, जिससे कई इस्राइलियों में गुस्सा है, जो युद्ध के चलते और गहराता जा रहा है। सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने रविवार को कहा कि तेजी से बढ़ते अति-रूढ़िवादी समुदाय से अधिक सैनिकों की भर्ती करने की निश्चित आवश्यकता है।



### यह है पूरा मामला

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

# गंगा दशहरा व ईद पर निगम के स्वास्थ्य विभाग की रही अहम भूमिका: नगर आयुक्त

## टीम सहित व्यवस्थाओं में जुटे रहे अधिकारी









**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** ईद उल अजहा तथा गंगा दशहरा पर्व पर नगर निगम की भी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहीं। मस्जिदों व ईदगाह के बाहर तथा अंदर सफाई व्यवस्था तथा पानी का छिड़काव भी कराया गया, चूने की व्यवस्था भी कराई गई, कुबार्नी वाले स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए सफाई कराई गई, प्रकाश विभाग द्वारा सभी स्थानों पर आवश्यकता अनुसार लाइटों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया गया। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में आयोजित प्याऊ तथा भंडारे के कार्यक्रमों में भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया, गंदगी न फैलाने के लिए आमजन को जागरूक किया गया। डस्टबिन का अधिक से अधिक इस्तेमाल हुआ तथा सभी अनुष्ठानों को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट बनाने तथा प्लास्टिकमुक्त बनाने के लिए प्रयास किया गया। प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग के द्वारा कार्ययोजना के क्रम में व्यवस्थाओं को संभाल गया और मौके पर टीम के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, समस्त जोनल प्रभारी व अन्य अधिकारी भी व्यवस्था में जुटे रहे।

### पांचों जोन में निगम का सफाई व्यवस्था पर रहा जोर

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत ईद उल अजहा तथा गंगा दशहरा के अवसर पर जगह जगह कार्यक्रम हुए जिसमें गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुबार्नी स्थलों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, सफाई मित्रों द्वारा कुबार्नी के अपशिष्ट का निस्तारण भी तेजी से कराया गया। कर्कश प्लांट के अलावा उचित स्थान को देखते हुए गड्ढा कर कुबार्नी के अपशिष्ट का निस्तारण कराया गया पांचों जोन में अलग-अलग टीम के द्वारा कार्य किया गया।

# बैंक खाते को आधार से लिंककराएं नहीं तो विधवा पेंशन आने में होगी समस्या

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जिन लोगों ने पेंशन योजना के तहत जिला महिला कल्याण विभाग में अपने आधार लिंक करा दिये हैं लेकिन अपने बैंक खाते में अपना आधार लिंक नहीं कराया है वह तत्काल अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करा लें अन्यथा निराश्रित महिला पेंशन, विधवा पेंशन जारी नहीं हो पायेगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे 5380 लाभार्थियों की सूची विभाग को प्राप्त हुई है जिनके आधार विभाग में लिंक हैं मगर बैंक खातों में लिंक नहीं हैं। एन्होंने बताया कि समस्त पात्र लाभार्थी आधार से लिंक करातेहुए अपने खातों को अपडेट जल्द से जल्द करा लें ताकि उनकी पेंशन जारी की जा सके।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर का दिल इस बात को जानना चाह रहा है यार ? काफी दिनों से क्यों नहीं हो रहे गोयल साहब के यहाँ पर रेड फेस मेन के पूर्व फ्रेंड मिस्टर नागर के दीदार ? सुना है गर्ग साहब के चुनाव का रिजल्ट आने के बाद नहीं रखा है नागर जी ने गोयल साहब के यहाँ पर कदम ? या तो वो ले रहे है स्वास्थ लाभ ? या दूरियाँ बनाकर गुरु जी पर कर रहे है सितम ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं पूरे पवन की ताकत से भगवा गोयल साहब का जज्बा देखकर था बहुत ज्यादा हैरान ? मैंने जब उनके शब्द सुने तो पहले की तरह ही था उनके शब्दों में तूफान ? उनके तेवर करा रहे थे इस बात का एहसास ? बिरादरी वाले बड़े नेता से उनको कोई फियर नहीं है साहब ? सुना है मौके पर गुरुजी ने भी अपने प्रिय गोयल के जज्बे को किया सलाम ? कहा तुम्हारा ये जज्बा देखकर मेरा गर्व से सीमा चौड़ा हो गया है श्रीमान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नेता ने लोकसभा चुनाव में डॉली दीदी को उपलब्ध कराए गर्ग साहब के विरोध वाले कागज ? इस बात में बिल्कुल भी दम नहीं है श्रीमान ? जो खाले अपने ज़िंदगी के सबसे महत्वपूर्ण चेहरों की कसम ? इससे बड़ा नहीं हो सकता कोई समाधान ? हमने देखा इस चेहरे ने पार्टी के कुछ मजबूत चेहरों के सामने उठाई थी बड़ी कसम ? ये चेहरे राजनीति में अपनी मजबूत जुबान को लेकर ही पहचान रखते है ? ये आसानी सी नहीं खाते है कभी किसी की भी कसम ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी वालों को हैंडओवर वाले मामले नहीं लगानी चाहिए ज्यादा हैवीवेट वालों से आस ? उनके पास जाकर नहीं होगा कुछ खास ? सुना है मिस्टर हैवीवेट इस मामले में बिल्कुल भी नहीं करेंगे दखल ? इसलिए यहाँ पर फि जूल रहेगा लगाना अक्ल ? जब भी कोई इस दरखास्त को लेकर जाएगा उनके पास ? सामने से आवाज आयेगी, हम दूसरे जनप्रतिनिधि के कार्यक्षेत्र में बिल्कुल भी नहीं करते दखल अंदाज ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी वाले एरिया की एक बात और चाहता हूँ आपको बताना ? इस बात के पीछे है काफी रोचक कहानी ? कहानी में चौधरी है और है मिस्टर जैन ? सुना है इस एरिया में कोल्डकॉफी बेचने को तीन ठेले वाले भी है ? जो है इस वक्त इन दोनों में से किसी एक से बहुत ज्यादा परेशान ? सुना है इनमें से एक चेहरा चाहता है की दूसरा चेहरा ना करे इन लोगों को परेशान ? सॉफ्ट चेहरा फोन करके लगा चुका है परेशान नहीं करने के लिए गुहार ? सुना है रिक्वेस्ट के बाद दूसरा चेहरा हो गया था कुछ दिन के लिए खामोश ? मगर फिर से इस चेहरे ने पुरानी वाली मुहिम शुरू कर दी है यार ? ले रहे है ठेली वालों का रोजाना रिमांड ? क्या स्टोरी में है कोई छुपी हुई डिमांड ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार के दरोगा जी भगवा गढ़ के एक पार्षद से ना जाने क्या निकल रहे है लिंक ? आजकल मोहल्ले के लोग इस बारे में कर रहे है बहुत ज्यादा थिंक ? सुना है वर्दी धारी कर चुके है पार्षद जी के यहाँ जाकर तीन बार लंच ? लंच के पीछे का नहीं समझ आ रहा कई दिलजलों को पंच ? गिलास के गिरने का इंतजार काफी चेहरे कर रहे है, ताकि बिखर जाये मेम्बर के सारे कंच ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा नादिया पार वाले भगवा चौधरी का दिल जब सुनता है हैंडपंप की आवाज ? आवाज सुनते ही इनका दिल धकधक करने लगता है बेहिसाब ? सुना है अपने धड़कते दिल को लेकर गए थे पाँच छे लोगों के साथ बड़े वाले चौधरी के पास ? तभी कुछ ऐसा हुआ कि इनका दिल हो गया बाग बाग ? बड़े वाले चौधरी साहब ने तमाम लोगों के भीड़ में हिमांशु भैया को मारी अलग से आवाज ? इस पाल ने ये एहसास करा दिया, चौधरी साहब के दिल में हिमांशु भैया की जगह है बहुत ही खास ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोनी की राजनीति में एक उभरता हुआ चेहरा अपने व्यवहार के दम पर स्थापित कर रहा है अपनी मजबूत पहचान ? चचाओं में सुनाई दे रहा है आजकल खूब नितिन मावी का नाम ? इस चेहरे का कहीं भी नहीं दिखता किसी से विवाद ? इस चेहरे के बेहतरीन व्यवहार की होती है हर जगह बात ? कहने वाले कह रहे है, अगर भविष्य में हो ज़िले वाली टीम में परिवर्तन ? ये चेहरा अपने अच्छे व्यवहार से काफी मजबूती से चला सकता है संगठन ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आप को एक बात बताना चाहता हूँ साफ और सीधी ? भगवा गढ़ की राजनीति में आखिर कबतक इग्नोर किए जाएँगे भगवा भैया डीडी ? सुना है उनके बूथ पर रहती है इंडिया गठबंधन वाले वोटर्स की बहार ? बावजूद इसके उनके 412 नंबर बूथ पर मिली है गठबंधन को हार ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ साफ और सीधी ? भगवा गढ़ की राजनीति में आखिर कबतक इग्नोर किए जाएँगे भगवा भैया डीडी ? सुना है उनके बूथ पर रहती है इंडिया गठबंधन वाले वोटर्स की बहार ? बावजूद इसके उनके 412 नंबर बूथ पर मिली है गठबंधन को हार ? उनके बूथ पर गर्ग साहब को मिली है 460 वोटों से जीत ? 180 के आंकड़े पर सिमट गया है गठबंधन ? पहुँच नहीं पाया है भाजपा के नजदीक ? डीडी भैया को लेकर अब संगठन के रणनीतिकारों को अपनी राय करनी पड़ेगी ठीक ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सरदार एस पी सिंह की भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया से शिष्टाचार भेंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक व अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह शिशौदिया से मेरठ कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन सरकार बनाये जाने पर बधाई दी। एसपी सिंह श्री शिशैदिया से वर्तमान राजनीतिक हालात पर वार्ता भी की।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से ही हम केंद्र में तीसरी बार मोदीजी के नेतृत्व में सरकार बनाने में सफल हुए हैं। आने वाले समय में गठबंधन सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की गति को और बढ़ायेगी। संगठन के कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी देंगे।सरदार एस पी सिंह ने बताया कि सभी कार्यकताओं के सहयोग से अभी तक संगठन द्वारा उन्हें जो भी ज़िम्मेदारी दी गई, उसे पूरे मन व निष्ठा के साथ निभाया है और आगे भी संगठन द्वारा उन्हें जो भी ज़िम्मेदारी दी जाएगी उसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरदार एस पी सिंह ने गत 34 वर्षों में भाजपा में रहते हुए पूरे मन व निष्ठा से संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को बखूबी निभाया है और समाज में अपनी एक विशेष पहचान बनायी है।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित





### सांसद अतुल गर्ग ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिये सर्टिफिकेट

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शालीमार गार्डन वार्ड 78 गायत्री भवन में छात्र सम्मान समारोह का आयोंजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नव निर्वाचित सांसद अतुल गर्ग रहे।

कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

सांसद अतुल गर्ग के साथ पार्षद ओमवती देवी, पूर्व विधायक सुरेश कश्यप, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी, पार्षद रामनिवास बंसल, पूर्व पार्षद विनय चौधरी, अनुज मित्तल मौजूद रहे। इस अवसर पर आशी पावर, कृष्ण प्रजापति, अवंतिका शुक्ला, तनिष्का, सक्षम झा, मानव शर्मा, आयुषी सिन्हा, राजेश नायर, शोभित शर्मा, आदित्य राज, तनय, प्रमिला जोशी, शुरूजना, सौरभ गुप्ता, निष्ठा दीक्षित, प्रियांशी पांडे, अथर्व चौधरी, अन्वेष साहू, अलीना शर्मा आदि विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेहनत करने वाले ही जीवन में तरक्की करते हैं। जब तक आप लक्ष्य निर्धारित कर कठिन मेहनत नहीं करेंगे तब तक सफलता नहीं मिलेगी। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि मार्गदर्शन जीवन का आधार है। सही मार्गदर्शन से ही बच्चे अपने जीवन में तरक्की कर सकते हैं और बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि टॉपर विद्यार्थियों को सम्मान समारोह के साथ करियर काउंसिलिंग जरूरी है इससे बच्चों में हौसला बढ़ता है।

पप्पू पहलवान ने कहा कि समाधान शक्ति सामाजिक संस्था पिछले काफी समय से टॉपर बच्चों को सम्मानित करती आ रही है। कड़ी मेहनत से ही बच्चे अपने मंजिल पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों पर दबाव तो बनता रहता है लेकिन उन्हें खुद को तैयार करना होगा।

# मनुष्य के शरीर को केवल योग प्रक्रिया ही निरोगी रख सकती है : योगाचार्य यश पाराशर



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन डॉ० केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय योग भारती के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन के महासचिव यश पाराशर द्वारा सभी को योग की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रोटोकोल के अंतर्गत योग क्रियाएं सम्पन्न कराई गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार राणा, स्थानीय योग प्रशिक्षक नरेश कुमार शर्मा, योग जिला प्रधान बृज किशोर गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अनिल कुमार गोड,योग शिक्षक गीतक सिंधू का विशेष सहयोग रहा। योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों ने भव्य संगीतमय योग प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं अध्यक्षता चेयरमैन नगर पालिका परिषद विनोद वैशाली ने की। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता आरके सिंह ने सभी आगुन्तको का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारियों को योग के इस विशाल एवं भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व योग प्रशिक्षक वीके गुप्ता, आरके सिंह व नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत योग कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर डॉ0 अशोक राणा के साथ अन्य चिकित्सा अधिकारी आरएस त्रिपाठी; आयुर्वेद विभाग यशस्वी चौधरी, कन्दर्प, अभिषेक, कार्तिक, रिषभ, हरिओम योग माला, कार्यक्रम को सफल बनाने मे कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल, 35 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रामपाल दहिया, सूबेदार मेजर राजिंदर सिंह, टीपी सिंह, शरद कुमार बाजपेई, राजीव जांगिड़, रामकुमार, योगेन्द्र सिंह, गौरव त्यागी, धरमवीर सिंह, नरेश कुमार, राहुल त्यागी, बाल कृष्ण, लाल मोहन सिंह, राजीव सिंह, डीओसी स्काउट श्याम सिंह, राजीव कुमार, सतीश कुमार, सैकड़ों छात्र एवं एनसीसी कैडेट्स का विशेष योगदान रहा।

# पार्षद विनय चौधरी ने बी ब्लॉक में 10 एचपी का पंप लगवाया






**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी से जूझ रहे लोग जल संकट से भी जूझ रहे हैं। लोगों की परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी ने सोमवार को बृजविहार के बी ब्लॉक में 10 एचपी का पंप लगवाया है। इससे बी ब्लॉक में अब गंगाजल नहीं आने पर पंप से पानी की सप्लाई की जाएगी। इन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने पार्षद विनय चौधरी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षद के सहयोग से जो पंप लगाया गया है इससे वार्ड में जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर केडी पाराशर अध्यक्ष बी ब्लॉक, ललित मोहन शर्मा, दीप कुमार, अरुण गुप्ता, राज मोहम्मद, कुणाल, पीयूष नागर, बिला, इंद्रजीत खेड़ा, दीप तोमर, सुभाष शर्मा, सुशील सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वैश्य समाज ट्रांस हिंडन ने मनाया पितृ दिवस



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वैश्य समाज ट्रांस हिंडन की ओर से पितृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सभी 60 से 70 वर्षीय बुजुर्गों ने भाग लिया वहीं गजल, गीत, चुटकुले द्वारा द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। अरुण गोपाल अग्रवाल द्वारा सबको तंबोला खिलाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद डॉ, मनोज गोयल, आनंद प्रकाश व आलोक मित्तल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चार चांद लगाने वाले संजीव, लक्ष्मी, रामेश्वर, आलोक, सीमांत, रविन्द्र, विनोद, सुनील, रेशु, अशीष, महेश, कालराजी ,भसीन, शैलेंद्र एवं मंच संचालन संस्था की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल एवं नीतू, सीमा रमा और कविता द्वारा किया गया।

# कार में मिला चालक का शव, एसी चलाकर सोया था



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** प्रह्लादगढ़ी में सोमवार को खड़ी कार में चालक मृत अवस्था में मिला। कार मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शीशा तोड़कर चालक का शव बाहर निकाला। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि वह एसी चलाकर कार में सो गया और ईंधन समाप्त होने पर एसी बंद होने पर दम घुटने से उसकी मौत हो गई। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। चालक की पत्नी की मौत हो चुकी है और लोनी में रहने वाले उसके भाई को सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार एक साल पहले भी कल्लू उत्तराखंड में टूर पर गया था। यहां भी वह शराब पीने के बाद एसी चलाकर सो गया था। तब कार में पर्याप्त ईंधन होने के कारण उसकी जान बच गई थी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समर कूल चैयरमैन संजीव गुप्ता का पोलाइट अंदाज उन्हे पॉलिटिक्स में एक अलग ही पहचान देता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब उनके प्रतिष्ठान पर उनसे मिलने पहुंचे तो संजीव गुप्ता ने खुद को सुदामा बताया। इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।